राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 सिल्क साड़ी में जाह्नवी कपूर ने...



फ्रांस की जीत की उम्मीद, लेकिन... 12

गाजियाबाद, बुधवार 15 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 128, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## 'मेरी पूरी दुनिया उजड़ गई': पुणे के केतन अग्रवाल की मां ने पीएम मोदी को लिखा भावुक पत्र, मांगा न्याय

**महाराष्ट्र ।** महाराष्ट्र के लोहागढ़ किले में पुणे के रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की कथित हत्या से देश स्तब्ध रह गया था। इस घटना के लगभग एक महीने बाद, उनकी मां राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावुक पत्र लिखकर अपने बेटे के लिए न्याय की मांग की है और अपील की है कि हत्या के दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। आरोप है कि 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले में सिया गोयल (20) और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) ने केतन को पहाड़ी से नीचे धक्का दे दिया था। इस जोड़े की शादी नवंबर में होने वाली थी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**आरोप है कि 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले में सिया गोयल (20) और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) ने केतन को पहाड़ी से नीचे धक्का दे दिया था, इस जोड़े की शादी नवंबर में होने वाली थी**

प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए राखी ने लिखा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अपने ही बच्चे के लिए न्याय मांगना पड़ेगा। माँ ने कहा कि हर माँ की तरह, मैंने भी सपना देखा था कि केतन एक सुंदर ज़िंदगी बनाएगा, शादी करेगा और हमारे साथ बुढ़ापा बिताएगा। लेकिन इसके बजाय, मुझे अपने बच्चे का अंतिम संस्कार करना पड़ा। इस दुख को बयां करते हुए उन्होंने लिखा कि मेरे बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसके साथ ही मेरी पूरी दुनिया उजड़ गई। हमारे घर का हर कोना मुझे उसकी याद दिलाता है। उसका कमरा, उसके कपड़े, उसकी तस्वीरें और उसकी हँसी की जगह ले चुकी खामोशी मुझे हर दिन याद दिलाती है कि वह




अब कभी वापस नहीं आएगा। दुखी माँ ने यह भी बताया कि इस त्रासदी में परिवार के एक और सदस्य की जान चली गई। उन्होंने लिख कि हमारे परिवार को एक और गहरा सदमा तब लगा जब केतन की मौत के सिर्फ.बीस दिन बाद मेरे ससुर का भी निधन हो गया। वे केतन से बहुत प्यार करते थे और अपने पोते को खोने का दुख बर्दाश्त नहीं कर पाए। कुछ ही दिनों में हमारे परिवार ने दो पीढ़ियों को खो दिया। प्रधानमंत्री से सीधे अपील करते हुए राखी ने कहा कि वह सहानुभूति नहीं, बल्कि न्याय चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी, मैं सहानुभूति या कोई विशेष रियायत नहीं मांग रही हूं। मैं सिर्फ. न्याय चाहती हूं।

उन्होंने कहा कि इंसाफ के बिना गुजरने वाला हर दिन हमारे दर्द को और बढ़ाता है। केतन तो वापस नहीं आ सकता, लेकिन उसकी जान लेने के ज़िम्मेदार लोगों को कानून के तहत सबसे सख़्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस मामले पर उचित ध्यान दिया जाए और बिना किसी देरी के न्याय मिले।

## न्यूज डायरी

### पाकिस्तान से लौट रहे अफगान नागरिकों की मदद को आगे आया भारत, पुनर्वास के लिए सौंपे फैमिली टेंट

**काबुल/नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान से बड़ी संख्या में लौट रहे अफगान नागरिकों के पुनर्वास में भारत ने मानवीय सहायता का हाथ बढ़ाया है। भारत सरकार ने अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं पुनर्वास मंत्रालय को परिवारों के रहने के लिए फैमिली टेंट उपलब्ध कराए हैं। इन टेंटों का उपयोग पाकिस्तान से वापस लौट रहे नागरिकों के अस्थायी पुनर्वास और राहत कार्यों में किया जाएगा।



विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमेशा अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा रहा है। इसी मानवीय सहयोग के तहत अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं पुनर्वास मंत्रालय को फैमिली टेंट सौंपे गए हैं, ताकि अपने देश लौट रहे लोगों को आवश्यक राहत और पुनर्वास सहायता मिल सके। दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने बिना वैध दस्तावेज या वीजा के रह रहे अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सरकार ने ऐसे लोगों को निर्धारित समय सीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद अफगान नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया और तेज हो गई है।

### नीट में 5 बार असफल होने के बाद भी नहीं मानी हार, बिहार के प्रणव ने छठे प्रयास में हासिल की सरकारी मेडिकल कॉलेज की सीट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में लगातार असफलता अक्सर छात्रों का आत्मविश्वास तोड़ देती है। कई अभ्यर्थी अपना सपना अधूरा छोड़ देते हैं, लेकिन बिहार के पूर्णिया निवासी प्रणव ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और लगातार प्रयास से असंभव दिखने वाला लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। नीट परीक्षा में लगातार पांच बार असफल रहने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और छठे प्रयास में सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश हासिल कर लिया।




**साधारण परिवार से निकलकर तय किया संघर्ष का सफर**

प्रणव एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता कूरियर बॉय के रूप में काम करते थे, जबकि उनकी मां स्कूल शिक्षिका हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद माता-पिता ने बेटे की पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं आने दी। प्रणव के अनुसार, डॉक्टर बनने का सपना उनकी मां का अधूरा सपना था, जिसे पूरा करने की प्रेरणा उन्हें लगातार मिलती रही।

### जेल में बंद आसाराम ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट से फिर लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद खुद को भगवान बताने वाले आसाराम बापू की तरफ से दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने पर सहमति जताई। उनके वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें हाल ही में गंभीर इंटरनल ब्लीडिंग (अंदरूनी रक्तस्राव) हुई थी, उन्हें गंभीर हालत में एम्स जोधपुर ले जाया गया था और उन्हें ब्लड ट्रांसफ्यूजन (खून चढ़ाना) की जरूरत पड़ी थी। सीनियर वकील डीएस नायडू ने जस्टिस एमएम



सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की बेंच के सामने यह मामला उठाया और मेडिकल आधार पर इसे तुरंत लिस्ट करने की मांग की। मामला उठाते हुए नायडू ने बताया कि 8 जुलाई को आसाराम को गंभीर इंटरनल ब्लीडिंग हुई थी, जिसके बाद उन्हें एम्स जोधपुर में भर्ती कराया गया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आसाराम को 'हाई-रिस्क' मरीज माना गया है और गंभीर हालत में भर्ती होने के बाद उन्हें ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ी थी।

## लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, जमानत रद्द करने से इनकार

**दिल्ली।** मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को देवघर चारा घोटाले मामले में बड़ी राहत मिली, क्योंकि कोर्ट ने उनकी जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट

**अगर हम अपील पर तेजी से सुनवाई करें तो आपका क्या कहना है? हो सकता है कि हम चुनौती दिए गए आदेश में दखल न दें**

ने झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने और CBI की याचिका पर कोई आदेश देने से भी इनकार कर दिया। कोर्ट ने हाई कोर्ट से सुनवाई में तेजी लाने को कहा है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की बेंच ने मामले की सुनवाई की और हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, लेकिन साथ ही निर्देश दिया कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई में तेजी लाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द करने की उइक की अपील को ठुकरा दिया और लालू यादव को जमानत देने वाले हाई कोर्ट के आदेश में दखल



देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह हाई कोर्ट के आदेश में दखल नहीं देना चाहता, खासकर इसलिए क्योंकि तब से सात साल बीत चुके हैं; उइक की अपील 2018 की है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को लालू यादव के मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। CBI की ओर से पेश होते हुए, ASG SV Raju ने तर्क दिया कि लालू की जमानत अजी पहले दो बार खारिज हो चुकी थी। हालाँकि, बाद में हाई कोर्ट ने इस आधार पर जमानत दे दी कि उन्होंने अपनी सजा का 50% हिस्सा पूरा कर लिया था—यह आधार तथ्यों के लिहाज से गलत था—और इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया कि सजाएँ एक साथ नहीं चलनी थीं।

लालू यादव की ओर से पेश होते हुए, सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 427, जो सजाओं के एक साथ या एक के बाद एक चलने से संबंधित है, केवल अंतिम फैसले के चरण में लागू होगी, न कि सजा को अंतरिम रूप से रोकने पर विचार करते समय।

इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने संकेत दिया कि वह जमानत के आदेश पर दोबारा विचार करने के बजाय अपीलों पर तेजी से सुनवाई करने के पक्ष में है। बेंच ने कहा कि हमें ट्रायल में तेजी लानी होगी। अगर हम अपील पर तेजी से सुनवाई करें तो आपका क्या कहना है? हो सकता है कि हम चुनौती दिए गए आदेश में दखल न दें।

## 24 घंटे के अंदर हूतियों ने सऊदी से लिया बदला, एयरपोर्ट पर तबाही

**अंतर्राष्ट्रीय।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर एक बार फिर बड़ा हमला करते हुए आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कई बैलस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया। हमले के बाद एयरपोर्ट परिसर में आग और काले धुएं का घना गुबार उठता हुआ दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर सामने आए कई वीडियो में धमाकों के बाद एयरपोर्ट के आसपास धुएं और आग की लपटें नजर आ रही हैं। इस हमले ने पूरे खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। हमले की जिम्मेदारी होती विद्रोहियों ने खुद ली है। संगठन के प्रवक्ता याहिया सारी ने आधिकारिक बयान जारी कर दावा किया कि आभा एयरपोर्ट पर कई मिसाइलें दागी गई और अभियान पूरी तरह से सफल रहा। उनके मुताबिक सभी मिसाइलों ने अपने निर्धारित लक्ष्य को सटीक तरीके से निशाना बनाया। यासारी ने कहा कि यह कार्रवाई यमन के सना एयरपोर्ट और देश के अन्य इलाकों पर हुए हालिया हवाई हमलों के जवाब में की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक यमन पर हमले जारी रहेंगे तब तक हूदी सऊदी अरब के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाते रहेंगे।

हूती प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि उनके लड़ाके अब पहले से कहीं ज्यादा क्षमता के साथ जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। उनका दावा है कि सऊदी अरब के महत्वपूर्ण सैन्य और आर्थिक ठिकाने, उनकी मिसाइल और ड्रोन्स की जद में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी कई ऐसे हमले जारी रहेंगे और अगर सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपने अभियान नहीं रोके तो कार्रवाई और ज्यादा तेज की जाएगी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहले भीती हमलों का निशाना बन चुका है। दक्षिण पश्चिमी सऊदी अरब में स्थित यह एयरपोर्ट रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और यमन सीमा के अपेक्षाकृत करीब होने के कारण कई बार मिसाइल और ड्रोन हमलों की जद में आ चुका है। इस बार कई मिसाइलों के एक साथ किए गए हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों की और ज्यादा चिंता बढ़ा दी है। खास बात यह है कि इस हमले में बहुत ज्यादा नुकसान दिखाई दे रहा है जो कि तस्वीरों में भी देखा जा सकता है। जानकार मानते हैं कि हमला केवल एक सैन्य कारवाई नहीं बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। हाल के दिनों में यमन में संघर्ष फिर तेज हुआ है और दोनों पक्ष लगातार एक दूसरे के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। ऐसे में सऊदी अरब के भीतर महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाकर हुती ये दिखाना चाहते हैं कि उनकी मिसाइल क्षमता अभी भी बरकरार है और वे लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। मध्य पूर्व में पहले से ही ईरान, अमेरिका और उनके सहयोगियों के बीच बड़े तनाव के दौरान



यह हमला क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती बनकर सामने आया है। अगर आने वाले दिनों में दोनों पक्षों की जवाबी कार्रवाई का सिलसिला जारी रहता है तो इसका असर केवल यमन और सऊदी अरब तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे खाड़ी क्षेत्र में हवाई सुरक्षा ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भी पड़ सकता है। फिलहाल दुनिया की नजरें सऊदी अरब की आधिकारिक प्रतिक्रिया और संभावित जवाबी कार्रवाही पर टिकी हुई हैं। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंचता हुआ दिखाई दे रहा है। दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल हुरमू जलडमरू मध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक ताजा बयान ने इस विवाद को और भड़का दिया है। जिसके बाद ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि होर्मुज के प्रबंधन में किसी भी अमेरिकी दखल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक ताजा बयान ने इस विवाद को और भड़का दिया है। जिसके बाद ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि होर्मुज के प्रबंधन में किसी भी अमेरिकी दखल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

## महज 5 वर्ष की उम्र में 1455 पौधे लगाकर पेश की मिसाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वाराणसी मूल निवासी एवं वर्तमान में पंचकूला के मुख्यालय पश्चिमी कमान, भारतीय सेना में कार्यरत अपने पिता श्री ज्ञानेंद्र उपाध्याय के साथ रहने वाले 5 वर्ष 2 माह के बाल पर्यावरण प्रेमी रुद्रांश उपाध्याय को उनके उत्कृष्ट पर्यावरणीय योगदान के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्मानित किया गया।

रुद्रांश उपाध्याय अपने स्वयं के पर्यावरणीय अभियान रुद्रांश ग्रीन मिशन के माध्यम से वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित वृक्ष मित्र कार्यक्रम में उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधारोपण किया।




कार्यक्रम के दौरान रुद्रांश ने बताया कि उन्होंने अब तक 1455 पौधे लगाए हैं, जिनमें से 1427 पौधे वर्तमान में जीवित, संरक्षित एवं विकसित हो रहे हैं। उनके द्वारा लगाए गए अधिकांश पौधे पंचकूला, चंडीगढ़ एवं चंडीमंदिर कैंट की विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं। रुद्रांश प्रत्येक रविवार कम से कम सात पौधे लगाने का संकल्प निभाते हैं और उनके संरक्षण एवं देखभाल पर भी विशेष ध्यान देते हैं। रुद्रांश ने अपने पौधारोपण अभियान का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड भी प्रस्तुत किया, जिसमें प्रत्येक पौधे के स्थान, प्रजाति और वर्तमान स्थिति का विवरण उपलब्ध था। उनके कार्यों से प्रभावित होकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें मंच पर आमंत्रित किया तथा सम्मानस्वरूप एक पौधा और 10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान सहित देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित विशेषज्ञों ने कहा कि इतनी कम उम्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति रुद्रांश की जागरूकता और समर्पण अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है।

महज 5 वर्ष 2 माह की आयु में रुद्रांश उपाध्याय ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती। उनका कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि देशभर के बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी देता है।

**नया खतरा** | दुनिया के आगे एक नया खतरा

## भयंकर जंग शुरू होते ही रूस ने ईरान में उतारा खतरनाक विमान

**अंतर्राष्ट्रीय।** ईरान और अमेरिका के बीच फिर से भड़की जंग ने दुनिया के आगे एक नया खतरा पैदा कर दिया है। ऐसा खतरा कि जिसकी तबाही पूरी दुनिया में हाहाकार मचाने वाली है। क्योंकि इस बार की जंग सिर्फ ईरान और अमेरिका तक ही सीमित नहीं रहने वाली बल्कि तीसरे विश्व युद्ध की ओर इशारा कर रही है। और इसका सिग्नल अब रूस की धमाकेदार एंट्री ने दिया है। और रूस की एंट्री उन हमलों के बाद हुई है जिसमें अमेरिका ने ईरान के सैकड़ों सैन्य ठिकानों पर भीषण हमले किए हैं। दरअसल ईरान युद्ध के बीच अब रूस की एंट्री हो गई है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने अपने सबसे सुरक्षित हवाई कमांड विमान को तैरान भेज दिया है। जिस टीयू 214 पीयू विमान को रूस ने ईरान भेजा है, वह सामान्य वीआईपी प्लेन नहीं बल्कि यह अपने आप में उड़ता हुआ किला है। यह विमान रूस का स्पेशल एयरब कमांड पोस्ट विमान है। युद्ध के दौरान बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। इसे संकट या युद्ध जैसी परिस्थितियों में देश के शीर्ष नेतृत्व के लिए तैयार किया गया है। इस हवाई कमांड विमान को प्रलयकारी विमान भी कहा जाता है। यह विमान ऐसे समय में तैरान पहुंचा है जब अमेरिका और ईरान के बीच फिर से सैन्य हमले अपने सबसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं।



दरअसल टीयू 2114 पीवी विमान में सुरक्षित संचार, नेटवर्क, सेटेलाइट सिस्टम और आधुनिक कमांड [संगीत] उपकरण लगाए गए हैं। इसके जरिए हवा में ही वह फैसले लिए जा सकते हैं जिसके जरिए किसी देश की बबार्दी तय हो जाए। यह सीधे देश में मौजूद कमांड सेंटर से जुड़ा हुआ रहता है। यह करीब 850 कि.मी./ घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और लगभग 6500 कि.मी. तक बिना रुके सफर करने की क्षमता रखता है। इस विमान के कुछ एडवांस सैन्य संस्करण भी हैं जिनमें और ज्यादा आधुनिक संचार तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। तो इस तरह से रूस ने अपने डेंजर विमान की तैरान में एंट्री कराकर एक नई हलचल पैदा कर दी है। क्योंकि यह पहली बार है जब रूस ने खुलकर ईरान का सपोर्ट तो किया ही है साथ ही अपने घातक हथियार को उतार दिया है। इसके पीछे की वजह यह भी बताई जा रही है कि रूस को यूक्रेन युद्ध में फंसाने में अमेरिका की बहुत बड़ी भूमिका रही है। ऐसे में रूस भी चाहता है कि जिस तरह से अमेरिका ने उसे फंसाया ठीक उसी तरह ईरान का समर्थन करके ट्रंप को फंसाना है। जिसके बाद खुद ही ट्रंप यूक्रेन पर युद्ध खत्म कराने का दबाव डालने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उधर चीन युद्ध में ईरान का समर्थन कर चुका है।

## भारत-यूके एफटीए से ब्रिटिश सामान होंगे सस्ते, भारतीय निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली ।** भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) बुधवार से प्रभावी हो जाएगा। इससे एक तरफ देश के घरेलू निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, दूसरी तरफ भारतीय सामानों को यूके का बाजार मिलेगा।

इस समझौते के तहत, स्कॉच व्हिस्की, जिन, चॉकलेट, बिस्कुट और कॉस्मेटिक्स जैसे कई ब्रिटिश उत्पादों पर टैरिफ 15 जुलाई से कम होने लगेंगे। हालांकि, कुछ चीजों पर ड्यूटी में कटौती आने वाले सालों में धीरे-धीरे लागू की जाएगी।

वहीं, भारतीय निर्यातकों को लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी एक्सेस मिलेगा, जिसमें यूके को होने वाले देश के निर्यात की लगभग पूरी वैल्यू शामिल है। टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, खेल का सामान और खिलौने जैसे ज्यादा लेबर वाले सेक्टर को इससे सबसे अधिक फायदा होने की उम्मीद है। इसी तरह, इंजीनियरिंग का सामान, ऑटो पार्ट्स और ऑर्गेनिक केमिकल को भी बेहतर मार्केट एक्सेस से फायदा होगा।

ये नियम सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने जारी किए थे। इनमें यह तय करने का तरीका बताया गया है कि क्या सामान समझौते के तहत खास टैरिफ सुविधा के लिए योग्य है या नहीं, और साथ ही निर्यातकों और आयतकों के लिए जरूरी नियमों की जानकारी भी दी गई है।

# मंदिर में चोरी से हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के बीबी नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कस्बा बीबी नगर के मोहल्ला जाटवान स्थित चामड़ मंदिर से चोर हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर फरार हो गए। मंदिर के पुजारी के अनुसार चोर मंदिर से दो पीतल के शेर, दो पीतल के घंटे तथा अन्य कीमती सामान अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बैटरी स्कूटी शोरूम का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में सोमवार को भारतीय ईवी ऑटोमोबाइल के नए इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का भव्य शुभारंभआहार बाईपास रोड स्थित चचरई मोड़ के पर शोरूम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी एवं उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी आह्वान किया है की पेट्रोल व डीजल की वचत करे वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहन भविष्य की आवश्यकता हैं जिसे पेट्रोल व डीजल की भी वचत होंगी और इनके अधिक से अधिक उपयोग से प्रदूषण पर नियंत्रण के साथ साथ पेट्रोल और डीजल पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। उन्होंने नगरवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का आह्वान किया तथा प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।शोरूम संचालक हसमुद्दीन सैफी ने बताया कि यहां आधुनिक तकनीक से लैस विभिन्न मॉडल की इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध हैं, जिनमें लंबी बैटरी लाइफ, बेहतरीन प्रदर्शन, कम रखरखाव खर्च तथा आसान वित्त सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



उद्घाटन अवसर पर पहले 15 ग्राहकों के लिए 1100 तक की विशेष छूट एवं आकर्षक उपहार भी दिए गए।समारोह में विधानसभा अध्यक्ष संजय कंसल, सभासद सुल्तान चौधरी, अम्बरीष वर्मा, अजय कौशिक, शेख शहजाद, राजेश गोयल, अखलाक चौधरी, गौरव पंडित खालोर, पंकज चोकड़ात, राजू कंसल, राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग के अपहरण के दोषी को 20 साल की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दिलाई है।

मामला वर्ष 2022 का है, जब खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अगौरा निवासी नवाजिस पुत्र हसमत खां पर वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा था। इस संबंध में 22 जुलाई 2022 को थाना खुर्जा देहात में धारा 363 आईपीसी एवं 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 20 अक्टूबर 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।इस मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित कर बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पांच गवाह प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर एडीजे/पॉक्सो-01 न्यायालय के न्यायाधीश श्री विनीत चौधरी ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# गोली नहीं, सड़क हादसे में गई युवक की जान, फुटेज से खुला मौत का सच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में







युवक की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरूआत में जिस घटना को गोली मारकर हत्या बताया जा रहा था, वह सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सड़क दुर्घटना निकली। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, सामने आए सीसीटीवी फुटेज में तेज रफ्तार बाइक सड़क पार कर रही जेसीबी से टकराती हुई दिखाई दे रही है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार संजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने गोली मारकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में कहीं भी फायरिंग की घटना सामने नहीं आई और साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि यह सड़क दुर्घटना थी।पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के निष्कर्षों के अनुरूप आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में भूमाफियाओं की एक और कारगुजारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद कस्बे में सरकारी जमीनों पर दबंग भूमाफियाओं ने पानी की टंकी की सरकारी जमीन पर

**▶▶ पानी की टंकी की सरकारी जमीन पर शुरू हुआ अवैध कब्जा**

**▶▶ पूर्व चेयरमैन राजकुमार लोधी की शिकायत पर ईओ ने रुकवाया अवैध कब्जा**

अवैध कब्जा करना शुरू कर दिया। पूर्व चेयरमैन एवं नामित सभासद राजकुमार लोधी ने मामले की लिखित शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से की। ईओ का कहना है कि मामला संज्ञान में लाया गया तो मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत ने काम रुकवा दिया है।

पूरे प्रदेश में भूमाफियाओं की सबसे मुफीद जगह यदि कोई है तो वह है जनपद बुलंदशहर की औरंगाबाद नगर पंचायत। यहां कोई भी किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा कर सकता है बशर्ते उसे धन खर्च करना आता हो। और यदि सत्तारूढ़ पार्टी के मठाधीशों का संरक्षण प्राप्त हो तो चाहे कानून के रक्षक पुलिस के सरकारी भवन , पुलिस चौकी पर ही रातों रात बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा कर सकता है। हालिया मामला नयी बस्ती स्थित नगर पंचायत के पंप नं एक पानी की टंकी की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रकाश में आया है। पूर्व चेयरमैन और नामित



सभासद राजकुमार लोधी उर्फ राजू लोधी ने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि नई बस्ती में लगभग 35 वर्ष पहले पानी की टंकी लगी हुई है। भूमाफियाओं ने रात में पानी की टंकी की दीवार तोड़ कर अवैध रूप से नगर पंचायत की लगभग 200 गज सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। शिकायत कर्ता का यह भी आरोप है कि इस अवैध कब्जे में नगर पंचायत के टंकी कर्मचारियों की भी मिलीभगत है।

शिकायत कर्ता ने अवैध कब्जे को अविलंब हटवाये जाने तथा दोषी टंकी कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र पर नगर पंचायत के वार्ड छः सभासद बब्लू लोधी के भी हस्ताक्षर हैं।

अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने कहा है कि मामला संज्ञान में लाया गया तो मौके पर टीम भेजकर अवैध कब्जे को रुकवा दिया गया है।

# म्यूल अकाउंट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, साइबर ठगी के 1.96 लाख के लेनदेन का खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन Cy-Vajra के तहत थाना पहासू पुलिस ने म्यूल अकाउंट की जांच में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी से जुड़े 1.96 लाख के संदिग्ध लेनदेन सामने आए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पहासू पुलिस ने एनसीआरपी (NCRP) और प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण किया। जांच के दौरान बैंक से प्राप्त अकाउंट ओपनिंग फॉर्म (AOF), बैंक स्टेटमेंट और अन्य अभिलेखों के परीक्षण में आरोपी के खाते के माध्यम से साइबर ठगी की शिकायतें मिलने की पुष्टि हुई। इस संबंध में थाना पहासू पर मु0अ0सं0 224/2026 के तहत धारा 318(4) बीएनएस एवं 66ऊ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने शिवम पुत्र सुखवीर, निवासी ग्राम करौरा, थाना पहासू, जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।



गिरफ्तारी की कार्रवाई में निरीक्षक अपराध वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह बालियान, हेड कांस्टेबल अजय कुमार तथा कांस्टेबल शिवम वर्मा शामिल रहे।

**पुलिस की अपील:**

किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

# अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का बड़ा ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति समेत कई किसान संगठनों ने प्रेस वार्ता कर 15 जुलाई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने और मांगें न माने जाने पर 21 जुलाई को दिल्ली कूच का ऐलान किया है।

वीओः बुलंदशहर बाईपास स्थित भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील से देश के किसानों में चिंता का माहौल है। उनका आरोप है कि डेयरी और अन्य कृषि उत्पादों के आयात संबंधी समझौते भारतीय किसानों के हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं और छोटे व गरीब किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के करीब 80 किसान संगठनों ने मिलकर 'भारत बचाओ मोर्चा' का गठन किया है। इसके तहत 15 जुलाई 2026 को दोनों राज्यों के सभी जिलों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील को रद्द करने की मांग की जाएगी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो 21 जुलाई को सभी किसान संगठन संयुक्त रूप से दिल्ली कूच करेंगे।

# मानसूनी गतिविधियों से कराया रुबरु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के हैप्पी ब्लू




वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के लिए मानसून गतिविधि का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया।

इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक आत्मविश्वास तथा मंच प्रस्तुति कौशल का विकास करना एवं वर्षा ऋतु के महत्व से परिचित कराना था। विद्यालय की निदेशक डॉक्टर सारिका अग्रवाल, प्रधानाचार्य बीडी शर्मा, ऊपर प्रधानाचार्य अरुण कौशिक, प्रोग्राम डायरेक्टर अमन सैफी तथा जूनियर बिग इंचार्ज रश्मि गुप्ता उपस्थित रहे।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी रंग लाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद बुलंदशहर में "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2024 के चर्चित हत्या मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 1,00,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है मामला थाना ककोड़ क्षेत्र के ग्राम बीघेपुर का है, जहां 15 जून 2024 को आरोपी पुनीत पुत्र बच्चू सिंह ने गांव निवासी धर्मराज की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना ककोड़ पर मुकदमा संख्या 190/2024, धारा 302/323 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी कर 23 जुलाई 2024 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले को उत्तर प्रदेश पुलिस के "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के अंतर्गत चिन्हित किया गया। बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने अभियोजन पक्ष के साथ मिलकर प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप 14 जुलाई 2026 को एडीजे-14 न्यायालय के न्यायाधीश श्री चन्द्र विजय श्रीनेत्र ने आरोपी पुनीत को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं 1,00,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से योगेश कुमार एवं आसुतोष सिंह ने प्रभावी पैरवी की। वहीं मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक पंकज राय, पैरोकार कांस्टेबल मनोज कुमार तथा कोर्ट मोहरेर हेड कांस्टेबल नीरज कुमार का योगदान भी सराहनीय रहा।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल रंग लाई, काउंसलिंग से 2 बिखरे परिवार फिर हुए एक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र की पहल एक बार फिर सफल रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित महिला सैल/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा वैवाहिक विवादों का समाधान कराने के क्रम में मंगलवार को दो दंपतियों के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण कराया गया।





काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और समझाइश के बाद दोनों दंपतियों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने पर सहमति जताई। दोनों ने एक-दूसरे का विश्वास जीतते हुए नए सिरे से वैवाहिक जीवन शुरू करने का संकल्प लिया। प्रभारी महिला सैल एवं काउंसलरों ने दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में पुराने विवादों को भूलकर प्रेम, विश्वास और आपसी सम्मान के साथ जीवन बिताने की सलाह दी। पुलिस का कहना है कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य वैवाहिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है।

# जामा मस्जिद के पेश इमाम के बेटे की करंट लगने से मौत, कस्बे में छा गया मातम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जामा मस्जिद के पेश इमाम कारी शेर मौहम्मद के बेटे मौलाना ओबेदुल्ला उम्र लगभग तीस वर्ष का जामा मस्जिद में बिजली का करंट लगने से

**पैतृक गांव दौताई गढ़मुक्तेश्वर में हुआ अंतिम संस्कार हजारों लोगों ने की शिरकत**

इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर फैलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पैतृक गांव दौताई गढ़मुक्तेश्वर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर हजारों लोग मौजूद रहे।

स्टेट हाइवे स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम कारी शेर मौहम्मद के बेटे मौलाना ओबैदुल्ला सोमवार को सायं लगभग साढ़े सात बजे जामा मस्जिद में अजान देने गये थे। उसी दौरान उन्हें करंट लगा। उन्हें



तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौलाना ओबैदुल्ला का शव उनके पैतृक गांव दौताई गढ़मुक्तेश्वर ले जाया गया।

जहां मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर हजारों लोग मौजूद रहे।इस दुखदाई घटना से पूरे कस्बे में शोक व्याप्त है।

## पुण्यतिथि

## मेधावी भैया बहनों को सम्मानित किया गया

# विद्यालय के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय सूरजभान मित्तल की मनाई गई पुण्यतिथि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मंगलवार को विद्यालय में स्वर्गीय सूरजभान मित्तल की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा, प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार मित्तल, आशीष कुमार मित्तल, उनकी धर्मपत्नी पारुल मित्तल,कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या निशा गुप्ता ,शिशु वाटिका से प्रीति सिंह एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती और स्वर्गीय सूरजभान मित्तल के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर स्वर्गीय सूरजभान मित्तल को माल्यार्पण कर अपनी नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ' कक्षा 11 की बहन यशावनी एवं वैष्णवी भारद्वाज द्वारा श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया गया--

**"करते हैं नमन तुमको श्रद्धांजलि देकर"**

गीत की प्रस्तुति की ' कक्षा 10 के छात्र आदित्य ने सूरजभान मित्तल के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये ।विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने सभी मंचासीन अतिथियों का एक दृष्टि में परिचय कराया ' विद्यालय के उप प्रधानाचार्य योगेश चंद्र गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी की गई ' संचालन जीव विज्ञान विभाग के वरिष्ठ आचार्य केशव कुमार ने किया ' डॉ प्रमोद मित्तल प्रबंधक अनिल







कुमार मित्तल आदि ने स्वर्गीय सूरजभान मित्तल के जीवन पर वृत्तांत डालते हुए 'उनके परिवारजनों के सहयोग की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हुए बताया कि सूरजभान मित्तल का जन्म 1942 ई में एक आर्थिक संपन्न वैश्य परिवार में हुआ था ' उनके पिता निरंजन लाल मित्तल, माता जानकी देवी ,जोकि एक धार्मिक तथा संस्कार प्रवृत्ति की महिला थी ' जिन्होंने अपनी दानशीलता से शिकारपुर क्षेत्र में एक सूक्ष्म बीज के रुप मे 1978 ई. में एक छोटा सा वृक्ष के रूप में खड़ा किया ' इसके उपरान्त सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर की 1986 में उन्होंने स्थापना की ,2001 में श्यामलाल सरस्वती डिग्री कॉलेज 2006 में सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज और 2021 में सरस्वती शिशु वाटिका आदि जैसा एक बहुत विशाल बट वृक्ष तैयार हुआ ' जोकि शिकारपुर क्षेत्र की जनता के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय है ' संस्थापक श्रद्धांजलि के अवसर पर विद्यालय के सभी मेधावी भैया - बहनों को सम्मानित किया । इसी अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया ' जिनके बिना हमारा जीवन अधूरा है ' वृक्ष लगाने से हमें अनेक अमूल्य रत्न प्राप्त होते हैं ' वृक्षों पर ही हमारा जीवन आश्रित है ' विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा ने कहा कि-

1-किस्ती चली जाती है, तूफान भी चले जाते हैं '
यादें नहीं जाती मगर इंसान चले जाते हैं ''
2-तेरा वैभव अमर रहे मां
हम दिन चार रहे ना रहे''

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने सूरजभान मित्तल के जीवन वृतांत पर अपने हृदय की असीम गहराइयों से प्रकाश डालते हुए संपूर्ण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया ।

सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कल्याण मंत्र के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम का समापन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाकियू महासभा ने धूमधाम से मनाया संगठन का दूसरा स्थापना दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा** । रबूपुरा स्थित भारतीय किसान यूनियन महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी के आवास पर संगठन का स्थापना दिवस केक काटकर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संगठन बहुत जल्द ही क्षेत्र में व्यापक सदस्यता अभियान चलाएगे, ताकि अधिक से अधिक किसान एवं युवा संगठन से जुड़ सकें। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं किसानों के मुद्दों को लेकर शीघ्र ही जेवर तहसील पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भाटी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष करण ठाकुर, दीपक ठाकुर (प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश), विजेंद्र कसाना, मिथिलेश सिंह, याचिका ठाकुर.दशरथ सिंह, सादिक खान, धर्मेंद्र तोमर सुरेन्द्र कसाना सहित संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आरकेजीआईटी के सी.सी.एस.यू. कैम्पस में एचसीपी टेक्नोलॉजी के तकनीकी सहयोग से "डिजिटलाइजेशन एवं सतत विकास के लिए प्रबंधन और प्रौद्योगिकी का एकीकरणः विकसित भारत 2047 की ओर एक रोडमैप" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य डिजिटलाइजेशन, प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी के समन्वय के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देना तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना थाकार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मोनिका सिंह, संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान तथा संगोष्ठी की कन्वेनर डॉ. शिवानी त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. मोनिका सिंह ने अपने











संबोधन में कहा कि डिजिटल भारत के निर्माण में प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध एवं तकनीकी नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए शिक्षा, नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर शोध को आवश्यक बताया। ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद ने समाज एवं उद्योग से जुड़े शोध को बढ़ावा देने पर बल दिया, जबकि एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान ने आधुनिक प्रबंधन एवं तकनीकी नवाचारों के समन्वय को भारत की वैश्विक प्रगति का आधार बताया।संगोष्ठी में देशभर से आए 50 से अधिक शोधकताओं एवं शिक्षकों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्रों में डिजिट लाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, स्मार्ट बिजनेस मॉडल, सतत विकास एवं उद्यमिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में संगोष्ठी की कन्वेनर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी त्यागी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों तथा एचसीपी टेक्नोलॉजी के तकनीकी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# आओ पेड़ लगाए", सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय अनमोल मानव जीवन बचाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर पाल समाज सेवा समिति (रजि0)के द्वारा नंदग्राम पिंक बूथ समीप देवी अहिल्याबाई होल्कर तिकोना पार्क में वृक्षारोपण मुहिम चलाई गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश कुमार कीर पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय समाज पार्टी को आमंत्रित किया गया।नरेश कुमार कीर ने इस अवसर पर जनमानस से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा इस मानसून सत्र में वृक्षारोपण किया जाए और साथ ही साथ कर बड़े-बड़े पुल,हाईवे,बड़ी-बड़ी हाई राइस बिल्डिंग बनाई गई है और हाई राइस बिल्डिंग बनती जा रही हैं।

अगर पेड़ों का कटान किसी तरह होता रहा तो आने वाला भविष्य बेहद दुखदाई हो सकता है क्योंकि साफ-स्वच्छ हवा ऑक्सीजन उपलब्धता में भारी कमी हो











जिसमें पाल समाज गाजियाबाद के अध्यक्ष श्री ब्रह्मपाल जी व महासचिव जगतसिंह पाल जी ने बताया कि जैसा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने "एक पेड़ मां के नाम" मुहिम चलाई गई है उसी क्रम में देवी अहिल्याबाई होलकर पार्क नंदग्राम में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में नौजवानों बुजुर्गों का सहयोग रहा और वृक्षारोपण के प्रति भारी उत्साह दिखाई दिया। इस कार्यक्रम में वृक्षारोपण के पश्चात लगाए गए पेड़ पौधों की उचित देख भाल पालन पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। नरेश कीर व रामभुल पाल ने आगे बताया कि जिस तरह आज ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है यह बहुत ही ज्यादा चिंता का विषय है। मानसून भी अपने समय पर न आकर भटक रहा है।

अगर हम बात गाजियाबाद नोएडा की करें तो पेड़ों का कटान बहुत तेजी से बढ़ा है खेतों, कृषि, बागों की भूमि का अधिग्रहण सकती है, जो बेहद चिंता का विषय है जिसका हमें समय रहते संज्ञान लेना चाहिए।हम सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से भी आह्वान करना चाहते हैं कि प्रत्येक मानसून सत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा पेड़ों को लगाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे प्रकृति व जनजीवन को बचाया जा सके। इस अवसर पर फौजी हरीश पाल, रामभूल पाल, जगत सिंह पाल, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खेरली नहर में नहाते हुए बच्ची डूबी, खोजने के दूसरे दिन भी नहीं मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ( एन.जी.वर्मा)।** दनकौर कोतवाली बिलासपुर पुलिस चौकी के जानीपुरा गांव के निकट झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले परिवार की 8 वर्षीय ममता नमक बच्ची सोमवार की शाम को घूमते हुए नजदीक की खेरली नहर पर पहुंच कर वह नहाने लगी और नहाते समय वह बच्ची डूब गई काफी देर वापस न आने पर परिजनों मैं बच्चों को ढूंढा परंतु नहीं मिल पाई तो सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर नहर में खोजबीन की किंतु नहीं मिली मंगलवार की सुबह को एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता पुलिस पीएसी फायर ब्रिगेड एवं प्रशासनिक तहसीलदार लेखपाल आदि खेरली नगर पहुंचे किंतु खेरली नहर में सारे दिन मशक्कत करने के बाद भी बच्ची का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है उल्लेखनीय है खेरली नहर में आए दिन हादसे होते रहते हैं पिछले महीने भी एक महिला और कुछ ही दिन बाद एक युवक खेरली नहर में डूब कर मर गया जिनकी लाश पुलिस व एनडीआरएफ टीम द्वारा भारी मशक्कत करने पर कई दिन बाद गावँ हिरनौटी झाल में अटकी मिली। हालांकि प्रशासन ने यहां नहाने पर रोक लगाई हुई है किंतु नहर विभाग ने कोई चेतावनी बोर्ड अथवा नहर के दोनों ओर घाटों पर लोगों को नहाने से रोकने के लिए दाल नहीं लगाया हुआ है इसलिए लोग मानते नहीं है और अक्सर नहाते रहते हैं इसीलिए यह हद से होते रहते हैं और इस तरह खेरली नहर हादसों की नहर साबित होती जा रही है





# क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए गए 100 पौधे!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य पौधरोपण

## एओए के नेतृत्व में चला पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यक्रम आयोजित किया गया। एओए के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान सोसायटी परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे गए, जिनमें नीम, पीपल जैसे छायादार एवं औषधीय वृक्षों के साथ विभिन्न प्रजातियों के फूलों के पौधे भी शामिल रहे।

एओए अध्यक्ष देशमणि शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हर पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है और यह पहल सोसायटी को अधिक सुंदर, पर्यावरण-अनुकूल एवं प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



उन्होंने सभी निवासियों से पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस समर्पण और उत्साह के साथ आज पौधरोपण किया गया है, उसी भावना से यदि इन पौधों का संरक्षण भी किया जाए तो आने वाले वर्षों में यही पौधे विशाल वृक्ष बनकर सोसायटी को शुद्ध वायु, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का अमूल्य उपहार देंगे।इस अवसर पर एओए सचिव हरिओम भाटी, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार जैन सहित जितिन आनंद, शुभम गर्ग, के.के. यादव, डी.एस. सोनिया, यश कुमार त्यागी, आर.के. ढींगरा एवं बड़ी संख्या में सोसायटी के निवासियों ने पौधरोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

पौधरोपण अभियान ने सोसायटी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वच्छ एवं हरित समाज के निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास बताया।

# ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन के बाद बिजली आपूर्ति सुचारु

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** क्षेत्र के एक गांव मे बीते छह दिनों से फूंके पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदलने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को बिजली उपकेन्द्र पर पहुंच बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत उपकेन्द्र पर ही धरने पर बैठ गए। अवर अभियंता और विद्युत कर्मियों के जल्द से जल्द आपूर्ति सुचारु होने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। क्षेत्र के गांव पचोकरा निवासी ग्रामीण दिनेश, विजय, आनन्द आदि ने बताया कि गांव में विद्युत सप्लाई के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लग है। जो करीब छह दिन पूर्व फुंक गया था। कई बार विद्युत उपकेन्द्र पर आकर शिकायत कराई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सोमवार को उमस भरी गर्मी, घरों के इनवर्टर डाउन, टंकी का पानी खत्म होने के साथ ग्रामीणों का गुस्सा भी पनप गया। और सैकड़ों की संख्या में पुरुष महिला विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के बाद मंगलवार सुबह विद्युत आपूर्ति सुचारु होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



## विपक्ष ने संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने का डर दिखाकर मतदाताओं को गुमराह किया

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पश्चिमी उप्र की पांच विस सीटों पर चुनाव लडेगी : अरविन्द राजभर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी नई दिल्ली में 31 जुलाई को सामाजिक समरसता महारैली कर-के वंचित, पिछड़े समाज व दलितों को जागरुक करने का काम करेगी। इसके साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी उप्र के विस चुनाव-2027 का चुनाव बिगुल फूंकेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल वंचित, पिछड़े समाज व दलितों का हितैषी होने का दावा तो करते हैं, लेकिन जब उनकी संख्या के हिसाब से राजनीति में हिस्सेदारी देने की बात करते हैं, तो वे अपने हाथ खींच लेते हैं। महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में भी विपक्ष पीछे हट गया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी दिल्ली में आयोजित इस महारैली में पिछले समाज को राजनीति में उचित हिस्सेदारी दिये जाने की आवाज मुखर करेगी। डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पूर्वांचल की करीब 83 सीटों से साथ ही पश्चिमी उप्र की पांच विधान सभा सीटों पर भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। हालांकि अंतिम फैसला एनडीए की बैठक में सीटों की संख्या को लेकर सहमति बनने के बाद लिया जाएगा।?उन्होंने पश्चिमी उप्र की जिन पांच सीटों पर अपनी पार्टी के संभावित दावेदारी जताई, उनमें बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, सहारनपुर और शामली शामिल है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर मंगलवार को गाजियाबाद में अग्रसेन भवन में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पश्चिम उत्तर प्रदेश समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने सपा व कांग्रेस का नाम लिए बैगर कहा कि वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने का डर दिखाकर मतदाताओं को गुमराह किया, लेकिन इस बार विधान सभा चुनाव-2027 में विपक्ष का यह फामूर्ला नहीं चल सकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान संबंधी पाठ्यक्रम स्कूलों में छात्रों को पढ़ाया जाना जरुरी है, ताकि कोई इस मामले में देश के भावी पीढ़ी का गुमराह न कर सके। राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब अखिलेश यादव कह रहे हैं, कि सनातन ही समाजवाद है, लेकिन पहले उनका समाजवाद कहां गया था, जब वह कहते थे कि राम थे ही नहीं और अयोध्या में मंदिर बनाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। आगामी चुनाव में ऐसे कालनेमियो को उप्र की जनता कड़ा सबक सिखाने का काम करेगी। प्रेस वार्ता में उनके साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम अवतार जिंदल, मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमन पुनिया, अर्पित पांडे, शक्ति सिंह,रामपाल भाटी, सुनील रघुवंशी,दीपक चौहान, दयाराम भार्गव आदि भी मौजूद थे।





**आयोजन**

## दिन की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित योग एवं वेलनेस सत्र से हुई


# काईट में आईबीएम और एलएंडटी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से कराया रूबरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम-2026 के अंतर्गत काईट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने आईबीएम (IBM) एवं लार्सन एंड टुब्रो (L&T) के प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों के साथ एक प्रेरणादायी इंडस्ट्री एक्सपर्ट सेशन का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य नवप्रवेशी इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को उभरती प्रौद्योगिकियों, उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं तथा निरंतर सीखने के महत्व से परिचित कराना था, ताकि वे अपने शैक्षणिक जीवन के आरंभ से ही उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें।

दिन की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित योग एवं वेलनेस सत्र से हुई। इस सत्र का संचालन स्पोर्ट्स ऑफिसर सुश्री मोना अग्रवाल एवं श्री चंदन कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं माइंडफुलनेस का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईबीएम के उद्योग विशेषज्ञ श्री राहुल बत्रा के प्रेरक व्याख्यान से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसी आधुनिक तकनीकों की परिवर्तनकारी भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज के इंजीनियरों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिज्ञासा, नई परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता तथा समस्याओं के समाधान की सोच विकसित करना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग केवल एक डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने का अवसर है।



इसके पश्चात आईबीएम के ही विशेषज्ञ श्री रॉबिन त्यागी ने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों और वैश्विक रोजगार बाजार में तेजी से बदलती कौशल आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निरंतर कौशल उन्नयन (Upskilling) बहु-विषयक अधिगम (Interdisciplinary Learning) तथा उद्योगोन्मुख दक्षताओं के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आजीवन सीखने की भावना अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करेगी।

लार्सन एंड टुब्रो (L&T) का प्रतिनिधित्व करते हुए सुश्री अंकिता पाटिल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण एवं औद्योगिक विकास में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया। उन्होंने एलएंडटी की उत्कृष्ट इंजीनियरिंग विरासत का उल्लेख करते हुए व्यावहारिक ज्ञान, टीमवर्क, नैतिक नेतृत्व, नवाचार तथा गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को परियोजनाओं, इंटर्नशिप, प्रयोगात्मक अधिगम तथा औद्योगिक प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया, जिससे वे मजबूत तकनीकी आधार विकसित कर अपनी रोजगार क्षमता को और अधिक सशक्त बना सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से करियर के अवसरों, उभरती तकनीकों, उद्योग के वर्तमान रुझानों तथा व्यावसायिक विकास से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का विस्तार से समाधान करते हुए उन्हें प्रभावी संप्रेषण कौशल, अनुकूलन क्षमता, टीमवर्क, नेतृत्व, पेशेवर नैतिकता तथा निरंतर आत्म-विकास को सफल करियर की आधारशिला बताया।

यह कार्यक्रम काईट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच मजबूत सहयोग स्थापित करने की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को प्रारंभिक चरण से ही वास्तविक औद्योगिक परिवेश, आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञों के अनुभवों से जोड़कर उन्हें ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास तथा व्यावसायिक दृष्टि से समृद्ध बना रहा है। ऐसे प्रेरणादायी उद्योग-अकादमिक संवाद विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक-आधारित वैश्विक दुनिया में सफल, सक्षम, नवाचारी एवं उत्तरदायी अभियंता बनने की दिशा में सशक्त आधार प्रदान करते हैं।

छात्रों ने AI प्रोडक्टिविटी बूट कैंप, कम्युनिकेशन स्किल्स, हेरिटेज और कल्चरल सेशन के साथ-साथ C प्रोग्रामिंग, इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स और फिजिक्स में टेक्निकल ओरिएंटेशन में भी हिस्सा लिया। Arduino सेंसर इंटरफेसिंग और PCB फैब्रिकेशन पर प्रैक्टिकल वर्कशॉप और क्रिएटिविटी सेशन ने इनोवेशन और प्रैक्टिकल लर्निंग को बढ़ावा दिया। इस प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी का दौरा और इनडोर व आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज भी शामिल थीं, जिससे छात्रों में टीमवर्क, कम्युनिकेशन, टेक्निकल स्किल्स और ओवरऑल पर्सनैलिटी को बेहतर बनाने में मदद मिली।

# कार सवार ने स्कूटी चालक पर तानी पिस्टल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र में मंगलवार देर रात साढ़े 12 बजे ओवरटेक को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। रेलवे रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने एक्टिवा और इनोवा कार की मामूली टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कार सवार युवक ने स्कूटी चालक पर पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से पिस्टल बरामद कर ली।



पीड़ित सौरभ मित्तल ने बताया कि वह गांधी पार्क बस स्टैंड की ओर से सूतमिल स्थित मयूर विहार स्थित अपने घर जा रहे थे। रेलवे रोड पर उन्होंने सामने चल रही इनोवा कार को ओवरटेक किया। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच मामूली टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। सौरभ मित्तल का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर इनोवा सवार युवक ने पिस्टल निकालकर उनकी ओर तान दी और कहा, तुम्हें गोली मार दूंगा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान थाना सासनी गेट क्षेत्र निवासी दीपक उपाध्याय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह अपनी कार में लाइट लगवाने के लिए जा रहा था।

# अपहरण और फिरौती की सूचना पर दौडी पुलिस, नकली चांदी गिरवी रखकर 1 लाख की धोखाधड़ी का था विवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को रोरावर थाना क्षेत्र में अपहरण और फिरौती मांगने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस जांच में मामला पूरी तरह अलग निकला। जांच में पता चला कि यह विवाद नकली चांदी गिरवी रखकर एक लाख रुपये लेने का था। मामला तालसपुर खुर्द निवासी प्रवेश और हाथरस के दो लोगों के बीच रुपये के लेनदेन से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्ष थाने पर मौजूद हैं और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, तालसपुर खुर्द निवासी प्रवेश पुत्र शब्बीर की पहले से हाथरस निवासी धर्मवीर से पहचान थी। प्रवेश ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए रुपयों की जरूरत बताई। इसके बाद उसने करीब एक किलो चांदी




धर्मवीर के माध्यम से हाथरस निवासी शीलू के पास कुछ समय के लिए गिरवी रखी। इसके बदले शीलू ने उसे एक लाख रुपये दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब प्रवेश ने रुपये वापस नहीं किए तो शीलू को संदेह हुआ। उसने गिरवी रखी गई चांदी की जांच कराई। जांच में चांदी नकली निकली। इसके बाद शीलू ने धर्मवीर को पूरी जानकारी दी कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच इस मामले को लेकर बातचीत हुई और प्रवेश के परिजनों को भी इसकी जानकारी थी। इसी दौरान किसी के बहकावे में आकर अपहरण और फिरौती मांगे जाने की कहानी सामने आई। क्षेत्राधिकारी प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह अपहरण और फिरौती की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम का विरोध, दुकानदार ने टीम पर फेंका केरोसिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नगर निगम की टीम सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चला रही थी। मंगलवार को बारहद्वारी पर यह टीम पहुंची तभी एक दुकानदार कार्रवाई का विरोध करने लगा और उसने गुस्से में केरोसिन फेंक दिया, जिससे मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मौके पर खलबली मच गई और काफी देर तक हंगामा होता रहा। नगर निगम की टीम सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चला रही थी।



इसी दौरान एक दुकानदार कार्रवाई का विरोध करने लगा। आरोप है कि उसने गुस्से में केरोसिन फेंक दिया, जिससे मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ऑपरेशन में महिला के पेट में कॉटन पट्टी छोडी परिजनों ने डा. पर लगाया लापरवाही का आरोप किया अस्पताल पर हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को मैरिस रोड स्थित एक निजी होस्पीटल कुछ लोगों ने जमकर हंगामा किया। जिससे हॉस्पीटल में अफरा-तफरी मच गयी। बताते है कि 7 जुलाई को जागृति पत्नी मनीष कुमार निवासी ग्राम लोहगढ़ थाना अतरौली को कृष्णा हॉस्पीटल में ऑपरेशन से एक बेटे का जन्म हुआ था, महिला ऑपरेशन डा0 पीयूष वार्ष्णेय द्वारा किया गया था। महिला को उसी गाँव के डॉक्टर निरंजन द्वारा डॉ0 पीयूष वार्ष्णेय से ऑपरेशन कराने के लिए भेजा था। ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से महिला के पेट में कॉटन पट्टी छोड़ दी और टॉके लगा दिये और उसे डिसचार्ज कर दिया। एक सप्ताह बाद उसके पेट में बहुत तेज दर्द होने लगा। महिला के परिजन उसे कृष्णा हॉस्पेटल पहुंचे। डा0 पीयूष वार्ष्णेय को दिखाया और कहा कि उसके काफी दर्द हो रहा है तो डॉ0 पीयूष वार्ष्णेय ने दर्द बन्द करने की दवा लिख दी और कहा कि दर्द बन्द हो जायेगा। दवा खाने के बाद भी कोई आराम नहीं मिला तो उसे कई बार डॉ० पीयूष वार्ष्णेय के पास दिखा आये। लेकिन कोई आराम नहीं मिला उसका पति उसे पं० दीनदयाल अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर डॉक्टर ने महिला का सी०टी० स्केन कराने की सलाह दी। सी०टी० स्केन कराकर डॉक्टर को दिखाया तब डॉक्टर तब जाकर पता चला कि उसके पेट में कॉटन व कॉटन पट्टी है जिसके उसके पेट में दर्द हो रहा 20 जून को महिला अपने पति मनीष व चाचा दीपक के साथ कृष्णा हॉस्पीटल गयी और डा० पीयूष वार्ष्णेय को सी०टी० स्केन दिखाया। तब डा० पीयूष वार्ष्णेय ने सी०टी० स्केन देखकर




मेरे पति मनीष व चाचा दीपक के सामने यह स्वीकार किया कि मेरी व मेरे स्टाफ के ऑपरेशन के दौरान गलती से पेट में कॉटन व कॉटन पट्टी रह गयी है। डा० पीयूष वार्ष्णेय ने और डॉक्टर को दिखाया और डॉक्टर साहब ने प्रार्थिया का सी०टी० स्केन देखकर प्रार्थिया का ऑपरेशन किया। दिनॉक 21-06-2026 को ऑपरेशन करके पेट में डॉ० पीयूष वार्ष्णेय ने ऑपरेशन के दौरान जो पेट में कॉटन व कॉटन पटटी लापरवाही से छोड दी थी उसे पेट से निकाल दिया। ऑपरेशन से महिला का काफी खर्चा हो गया। मंगलवार को महिला का पति व अन्य लोंग कृष्णा हॉस्पीटल पहुँचे तो डा० पीयूष वार्ष्णेय हॉस्पीटल से भाग गये ।तो उन्होने आस्पताल जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गईं।

# जिला पंचायत की अध्यक्षता सिंचाई बन्धु की बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में सिंचाई बन्धु की बैठक आहुत की गई। मा0 अध्यक्ष ने स्पष्ट कि कि बैठक में सक्षम अधिकारी ही प्रतिभाग करें यदि उनके स्थान पर आकस्मिक स्थिति में कोई और आता है तो पूरी तैयारी से आए ताकि किसान बंधुओं की समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी से कार्य करें, कोई भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता, अगर किसी भी स्तर पर कोई समस्या है तो उससे अवगत कराया जाए, कहीं भी संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए।



बैठक में किसानों ने नाले की साफ-सफाई, विद्युत ट्रिपिंग की समस्या, ग्रामों में स्ट्रीट लाइट स्थापना एवं साथा चीनी मिल संचालन के संबंध में अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मा0 अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसान भाई बड़ी उम्मीद के साथ बैठक में आते हैं उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता ही नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने साथा चीनी मिल के प्रकरण में आश्वस्त किया कि समस्या से मुख्यमंत्री जी को अवगत करा दिया गया उच्च स्तर से जल्द ही इस संबंध में कोई निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत श्रवण कुमार समेत अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# 6 माह से फरार नाबालिग के अपहरण का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इगलास थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में छह महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को कासगंज से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। पुलिस ने कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के नगला रामजीत निवासी रामवीर पुत्र कल्याण सिंह को नगला रामजीत से गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर इगलास ने बताया कि 21 जनवरी 2025 को वादिया की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में इगलास थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में अजीत पुत्र रामकुमार निवासी नगला रामजीत को आरोपी बनाया गया था। जांच के दौरान आरोपी रामवीर का नाम भी सामने आया। तब से रामवीर फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे कासगंज के नगला रामजीत से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता का शव ट्रैक्टर पर फंदे से लटका मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को दादों थाना क्षेत्र के नगला मोहकम गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान 30 वर्ष सोरानी देवी के रूप में हुई है। सोमवार देर रात उनकी बड़ी बेटी की नींद खुलने पर मां बिस्तर पर नहीं मिली। परिजनों ने तलाश की तो घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर पर उनका शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर दादों थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



### "ऑपरेशन स्माइल" के तहत थाना पिसावा पुलिस टीम द्वारा गुम हुए युवक के परिजनों को तलाश कर किया गया सुपुर्दप्त परिजनों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** घटना का संक्षिप्त विवरण-दिनांक 13.07.26 की रात्रि में डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बलरामपुर में एक युवक मिला है जो हल्का मानसिक रुप से विक्षप्त है तथा अजीबों गरीब हरकत कर रहा है। उक्त सूचना पर युवक को थाने लाया गया। युवक के परिजनों की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस कार्यवाही- जनपद में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी एवं रास्ता भटके हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन स्माइल के क्रम में थाना पिसावा पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आसपास के गली/मौहल्लों में प्रचार प्रसार करते हुए गुमशुदा युवक के परिजनों को तलाश कर सुपुर्द किया गया ।



पुलिस टीम-1.उ0नि0 श्री नितिन चौधरी थाना पिसावा, अलीगढ़ 2.उ0नि0 श्री विजेन्द्र सिंह थाना पिसावा, अलीगढ़ 3.म0कां0 दीपशिखा थाना पिसावा, अलीगढ़ परिजनों द्वारा युवक को सकुशल पाकर अलीगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

### तहरीर देने थाने पहुंची महिला से सिपाही पर मारपीट का आरोप, न्याय की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**अलीगढ़** ।थाना रोरावर क्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपनी शिकायत की तहरीर देने थाने पहुंची थी, तभी वहां तैनात एक सिपाही ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। महिला का कहना है कि घटना के बाद भी उसकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि थाना स्तर पर उसकी सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे वह बेहद परेशान है। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि महिला के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।



# गर्मी के कारण तीसरी कक्षा का छात्र हुआ बेहोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इगलास के प्राथमिक विद्यालय नगला बंजारा में कक्षा तीन का छात्र सुमित कुमार दोपहर 12:30 बजे पढ़ाई के दौरान अचानक गर्मी के कारण बेहोश हो गया। इस घटना से विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। छात्र जगदीश प्रसाद का पुत्र है।



ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय का इन्वर्टर भी काम नहीं कर रहा है। इस वजह से गर्मी के मौसम में छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की। सुभाष चंद्र, शिक्षा मित्र मुकेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय निधौली की इंचार्ज प्रधानाध्यापक ऋतु गुप्ता, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार शर्मा और सुनील गौतम बालक को लेकर तत्काल सीएससी इगलास पहुंचे। वहां उसका उपचार कराया गया। करीब दो घंटे बाद सुमित की बेहोशी दूर हुई। उपचार कर रहे डॉक्टर राहुल गुप्ता ने बताया कि बालक गर्मी के कारण बेहोश हुआ था। उपचार के बाद उसे होश आ गया है।

# स्व चंद्रभानु गुप्ता की जयंती पर भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में स्व चंद्रभानु गुप्ता की जयंती पर भव्य भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ किया गया । सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना करके किया गया ।

कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कोल विधायक अनिल पाराशर, एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह, सुनील कौशल जी महाराज, अजय वार्ष्णेय सराफ ने संयुक्त रूप से किया।

संचालन सचिव डॉ राजीव वार्ष्णेय हवन में अध्यक्ष संदीप विजयवर्गीय, सचिव डॉ राजीव वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सीए अनिल गुप्ता, प्रधानाचार्य कुमुदेश कुमार, अरविंद बंसल, सुभाष लिटिल एवं विद्यालय की सभी शिक्षक- शिक्षकाओं ने आहुतियाँ प्रदान की। सीताराम सराफ सभागार का लोकार्पण अजय वार्ष्णेय सराफ एवं उनके परिजनों ने किया। इस अवसर पर डॉ अनुराग गुप्ता, भास्कर वार्ष्णेय, उमेश सरकोणा, अनूप गुप्ता, डॉ सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## आयोजन

## अभी हाल में ही उद्योग में माल के आवागमन में वे बिल की अनिवार्यता ने नई समस्या खड़ी कर दी है

# अलीगढ स्टील फर्नीचर लॉक्स एंड हाड्वेयर ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा समस्या - समन्वय- समाधान वस्तु एवं सेवा कर कार्यशाला का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ** । अलीगढ स्टील फर्नीचर लॉक्स एंड हाड्वेयर ट्रेडर्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक मैरिस रोड स्थित होटल मेलरोज इन में आयोजित की गयी। बैठक का शुभारम्भ गायत्री मंत्र के द्वारा किया गया।




बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरविंद बंसल ने कहा कि एक देश एक कर की अवधारणा पर आधारित वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) व्यवस्था ने लगभग नौ वर्ष पूरे कर लिये हैं। शुरूआत से ही व्यापारी समाज इसकी तकनीकी समस्याऐं एवं विसंगतियों से जूझ रहा है। हालाँकि समय-समय पर सरलीकरण एवं अपडेशन होता रहा है फिर भी आज भी मुश्किलें खड़ी हैं, अभी हाल में ही उद्योग में माल के आवागमन में वे बिल की अनिवार्यता ने नई समस्या खड़ी कर दी है। इस विषय पर जी एस टी विभाग के अधिकारियों से संवाद करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। अरविंद बंसल ने कहा कि क्यों कि हमारे ताले और हार्डवेयर उद्योग में कच्चे माल से तैयार माल तक कई बार विभिन्न चरणों में आवागमन के बाद ही तैयार हो पाता है, जैसे छोटे कारीगर माल के हिस्सों को बनाने के लिए अपने स्थान पर ले जाते हैं और ढलाई, रिताई, फि टिंग, पॉलिश व प्लेटिंग के बाद माल तैयार होता है। अब इन मालों के आवागमन ने वे बिल की आवश्यकता ने व्यापारियों के सामने धर्म संकट कर दिया है। इस तरह के कानून व्यापारियों के स्वभाविक विकास में बाधा बनते हैं। अतः व्यापारियों द्वारा जी एस टी विभाग के अधिकारियों से इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर मनीष गुप्ता डीसी सेक्टर - 3, ;चन्द्रशेखर सिंह – डी सी (प्रशासन), दिनेश कुमार – डीसी सेक्टर -8, श्री रईस अहमद– डीसी सेक्टर -5, एवं श्री प्रतीक सिंह – एसी, सेक्टर -9 अधिकारियों द्वारा इस विषय तथा अन्य समस्याओं के उपर व्यापारियों के विचार जानकर यथा संभव निवारण का आश्वासन दिया गया।

संगठन के पदाधिकारियों द्वारा द्वारा जी एस टी विभाग के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया । बैठक का संचालन महामंत्री पुनीत अग्रवाल ने किया। बैठक में समय पर आए तीन सदस्यों को समयबद्धता पुरस्कार देकर सम्मानित अनिल नवरंग ने किया। अरविंद बंसल ने धन्यबाद ज्ञापित कर सभा के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल, पी पी मित्तल, राकेश मित्तल, पुनीत अग्रवाल, प्रवीन बंसल, राकेश गर्ग, के.के.जौहरी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्र सर्वोपरि–भारत अपने सैनिकों के साथ खड़ा रहा है, खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन संस्कृति, लोकतंत्र या आर्थिक विकास से ही नहीं, बल्कि उन करोड़ों नागरिकों की भावना से भी होती है जो अपने सैनिकों को देश का गौरव मानते हैं। हालाँकि समय-समय पर दुखद घटनाएँ होती रहती हैं, लेकिन उन्हें समाज या पूरी व्यवस्था की ओर से सैनिकों के प्रति सम्मान की कमी का सबूत मानना गलत होगा।भारत का इतिहास इस बात का गवाह है कि जब भी देश पर कोई संकट आया, उसके बहादुर बेटों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह परंपरा केवल आधुनिक भारतीय सेना तक ही सीमित नहीं है; यह स्वतंत्रता संग्राम के दिनों से लेकर आज तक बिना रुके चली आ रही है। इसलिए, यह कहना कि देश अपने सैनिकों को भूल गया है, भारत की सामूहिक भावना और इतिहास की सही तस्वीर पेश नहीं करता है।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने बुलंद आवाज में कहा था: "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।" इस आह्वान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और समुदायों के लोग आजाद हिंद फौज में शामिल हुए और इस मकसद के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। उनका एकमात्र उद्देश्य था भारत की आजादी। उन्होंने साबित कर दिया कि जब देश की बात आती है, तो भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत बन जाती है।

आजाद भारत की सेना इसी परंपरा की उत्तराधिकारी है। सीमाओं पर तैनात सैनिक जाति, भाषा, धर्म या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि तिरंगे के प्रति अपनी शपथ का पालन करते हुए देश की रक्षा करते हैं। एकता, अनुशासन और देशभक्ति भारतीय सेना की पहचान हैं।हर क्षेत्र और समुदाय के सैनिकों–जिनमें सिख, गोरखा, गढ़वाली, राजपूत, जाट, डोगरा, मराठा, कुमाऊँनी, मद्रासी और असम राइफल्स शामिल हैं–ने भारत की रक्षा में बेमिसाल वीरता का प्रदर्शन किया है। गोरखा सैनिकों की बहादुरी दुनिया भर में मशहूर है, जबकि गढ़वाल और कुमाऊँ के सैनिकों ने हिमालय की दुर्गम चोटियों के बीच देश की रक्षा में अमिट योगदान दिया है। सिख रेजिमेंट ने भी कई युद्धों में असाधारण साहस का परिचय दिया है। यह भारत की साझा राष्ट्रीय विरासत है।

# डासना तालाब में कथित अवैध खनन पर NGT सख्त, संयुक्त जांच समिति गठित, दो माह तक खनन पर रोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डासना स्थित सिद्धपीठ देवी मंदिर के सामने खसरा संख्या 2076, 2077 एवं 2078 में स्थित सार्वजनिक तालाब में डी-सिल्टिंग (गाद निकासी) की आड़ में कथित अवैध खनन के मामले को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गंभीरता से लेते हुए बड़ा आदेश पारित किया है। एनजीटी की प्रधान पीठ ने मामले में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (उढउइ), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (वढढउइ), उत्तर प्रदेश भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय तथा जिलाधिकारी गाजियाबाद की संयुक्त जांच समिति गठित कर दो माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच पूरी होने तक तालाब में डी-सिल्टिंग के नाम पर किसी भी प्रकार के अवैध खनन पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी गाजियाबाद को समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

यह आदेश वसीम राजा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लीकेशन संख्या 390/2026) में 10 जुलाई 2026 को पारित किया गया। वसीम राजा (सभासद, वार्ड-15, नगर पंचायत डासना) का बयान

वार्ड-15 के सभासद एवं याचिकाकर्ता वसीम राजा ने कहा कि डासना के इस तालाब का मामला पहले से ही एनजीटी में विचाराधीन है, लेकिन इसके बावजूद डी-सिल्टिंग के नाम पर लगभग 15 से 20 फीट तक मिट्टी निकालकर कथित अवैध खनन किया जा रहा था। इसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि एनजीटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो माह की अवधि में जांच के आदेश दिए हैं तथा संयुक्त जांच समिति गठित कर जिलाधिकारी गाजियाबाद को नोडल अधिकारी बनाया है। उन्हें उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी और तालाब को संरक्षित किया जाएगा।



**चौधरी अफसर (राष्ट्रीय सचिव, हेल्प एशियन फाउंडेशन) का बयान**

हेल्प एशियन फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव चौधरी अफसर ने बताया कि डासना तालाब के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का मामला लगभग चार वर्षों से एनजीटी में विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि एम.ए. संख्या 48/2022 में तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जल निकासी से जुड़े मुद्दों पर लगातार सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एनजीटी एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 23.69 लाख रुपये तथा 2.45 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुमार्ना भी लगाया जा चुका है, लेकिन आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब के चारों ओर बनाया गया ट्रैक भी निर्माण एवं कूड़े के मलबे से तैयार किया गया है, जिसकी कई बार शिकायत की गई, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। क्षेत्रीय लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं संस्था द्वारा लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि विभाग स्वयं अपनी रिपोर्ट में डी-सिल्टिंग पूरी होने की बात कह चुका था, फिर भी उसी के नाम पर दोबारा खुदाई कर कथित अवैध खनन किया जा रहा था।

**प्रदीप शर्मा (राष्ट्रीय महासचिव, हेल्प एशियन फाउंडेशन) का बयान**

हेल्प एशियन फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शर्मा ने कहा कि संस्था पिछले लगभग पांच वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं जलाशयों को बचाने की मुहिम चला रही है। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण में उनके द्वारा भी उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। जब प्रशासन स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो वार्ड-15 के सभासद वसीम राजा को एनजीटी की शरण लेनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि अब एनजीटी द्वारा दो माह के लिए कथित खनन गतिविधियों पर रोक लगाते हुए संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया है, जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेगी। संस्था को विश्वास है कि जांच के बाद पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी तथा डासना तालाब का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

# BOCW डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप से निर्माण श्रमिकों को मिलेगा रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर ।** अपर श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों को सरकारी सेवाओं एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से BOCW Digital Labour Chowk Mobile App विकसित किया गया है। यह मोबाइल ऐप निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के मध्य एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा तथा श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं रोजगार के अवसरों तक सरल एवं पारदर्शी पहुंच उपलब्ध कराएगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रमिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विकसित BOCW Digital Labour Chowk Mobile App पर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही ऐसे सेवायोजक, बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां एवं अन्य प्रतिष्ठान, जिन्हें निर्माण कार्यों के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है, वे भी इस ऐप पर अपना पंजीकरण कर अपनी आवश्यकता के अनुरूप श्रमिकों की खोज कर सकेंगे।

**उन्होंने बताया कि इस मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण श्रमिक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे**

यह ऐप एंड्रॉयड मोबाइल पर उपलब्ध होगा तथा एक डिजिटल लेबर मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा, जहां श्रमिक एवं नियोजक एक ही मंच पर उपलब्ध होंगे।

यह प्लेटफॉर्म कार्यप्रणाली की दृष्टि से ओला एवं उबर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की भांति कार्य करेगा, जहां एक ओर श्रमिक अपनी उपलब्धता दर्ज करेंगे, वहीं दूसरी ओर नियोजक अपनी आवश्यकता के अनुरूप पंजीकृत श्रमिकों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे। इससे निर्माण श्रमिकों को कार्य प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा नियोजकों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित एवं पंजीकृत श्रमिक उपलब्ध हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस मोबाइल ऐप के माध्यम से निर्माण श्रमिक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने हेतु आवेदन भी कर सकेंगे। इससे सरकारी सेवाओं की उपलब्धता अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी।

अपर श्रमायुक्त ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों, बिल्डरों, ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों, श्रमिक संगठनों एवं आम जनमानस से अपील की है कि वे BOCW Digital Labour Chowk Mobile App का अधिकाधिक उपयोग करें तथा अपने आसपास कार्यरत निर्माण श्रमिकों एवं सेवायोजकों को भी इसके संबंध में जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र श्रमिक तथा सेवायोजक इस डिजिटल व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों, बिल्डर्स, ठेकेदारों एवं अन्य नियोजकों से अपेक्षा की है कि वे स्वयं अपना तथा अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का इस ऐप पर पंजीकरण कराते हुए डिजिटल श्रम बाजार की इस अभिनव पहल को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# एसडीएम मनोज कुमार को शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** धौलाना के उपजिलाधिकारी मनोज कुमार के मथुरा तबादले के अवसर पर मंगलवार को शिक्षा विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विभागीय अधिकारियों ने उनके प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पंकज चतुर्वेदी ने उपजिलाधिकारी मनोज कुमार को शॉल ओढ़ाकर तथा भगवान राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार ने अपने कार्यकाल में शिक्षा विभाग के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया। उनके मार्गदर्शन और सकारात्मक कार्यशैली से विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्य सुचारु रूप से संपन्न हुए।

वक्ताओं ने कहा कि एक संवेदनशील और कर्मठ अधिकारी के रूप में मनोज कुमार ने प्रशासनिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। सभी ने उनके मथुरा में नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की।



समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ हापुड़ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सिसोदिया, पुष्पेंद्र कुमार, आरकेके धौलाना, सुपरवाइजर सुशील कुमार, बीएलओ दिनेश कुमार, सुपरवाइजर नाजिम अली सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उपजिलाधिकारी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करने और उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# ग्राम समाज की भूमि पर बनी अवैध ईदगाह और कब्रिस्तान पर चला बुलडोजर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** असमोली ब्लाक क्षेत्र के गांव मढ़न में राजस्व विभाग ने ग्राम समाज की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की। तहसीलदार न्यायालय और एसडीएम न्यायिक के आदेश के बाद राजस्व टीम ने पुलिस बल और आरएएफ की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध ईदगाह व कब्रिस्तान पर बने निर्माण को हटाते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।





गांव मढ़न में गाटा संख्या 208, रकबा 0.0070 हेक्टेयर कब्रिस्तान की भूमि के संबंध में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 67 के तहत तहसीलदार न्यायालय से बेदखली का आदेश पारित किया गया था। वहीं गाटा संख्या 393, रकबा 0.207 हेक्टेयर में से 0.128 हेक्टेयर भूमि के संबंध में धारा 134 के तहत एसडीएम न्यायिक ने आठ जुलाई को आदेश जारी किए थे। आदेशों के अनुपालन के लिए तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने राजस्व टीम का गठन किया। टीम के प्रभारी नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल और नायब तहसीलदार शुभम प्रताप सिंह को बनाया गया। उनके साथ दो राजस्व निरीक्षक और आठ लेखपाल भी कार्रवाई में शामिल रहे। राजस्व टीम ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। निरीक्षण के बाद ग्राम समाज की भूमि पर बने अवैध ईदगाह और कब्रिस्तान को बुलडोजर की मदद से हटाकर निर्माण को ध्वस्त कराया और कब्जामुक्त करा लिया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। मौके पर दो थाना प्रभारी, करीब 60 पुलिसकर्मी तथा आरएफएफ के जवान तैनात रहे। प्रशासन की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक चंद्रपाल सिंह आदि राजस्व विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे 150 से अधिक लोगों ने कराई जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मोहल्ला रमपुरा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड पिलखुवा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में जीएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम ने शुगर, उच्च रक्तचाप, हड्डी रोग और महिला रोग से संबंधित जांच की। परीक्षण के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए गए तथा जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और समय रहते बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।





शिविर के सफल आयोजन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सक्रिय सहयोग किया। इस दौरान जिला सह मंत्री अजय तिवारी, सौरभ चौहान, विकास शर्मा, राजा पांडे, गौरव राणा, भारत भूषण, रोहित, सूरज, जितेंद्र, कृष्ण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अभियान** 1055 नमूने जांच को भेजे गए, 419.75 क्विंटल मसाले जब्त, 80.47 क्विंटल अनुपयोगी मसालों का कराया गया निस्तारण

# प्रदेश भर में मसालों में मिलावट के खिलाफ एफएसडीए का बड़ा अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य) ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देश एवं निर्धारित निरीक्षण बिंदुओं के अनुपालन में खाद्य पदार्थ खुले एवं पैक्ड तथा साबुत एवं पिसे मसालों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु प्रदेश व्यापी औचक निरीक्षण एवं विशेष छापामार प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।





इस प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के अंतर्गत निर्माण इकाइयों, थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे माल की गुणवत्ता, अभिलेखों के अनुरक्षण, पैकेजिंग एवं लेबलिंग प्रावधानों तथा संभावित अपमिश्रण की जांच करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की गई। खुले एवं पैक्ड तथा साबुत एवं पिसे मसालों पर विशेष अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 1055 नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। साथ ही 419.75 क्विंटल मसालों को जब्त किया गया, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग ?67,78,290 (सरसठ लाख अट्हत्तर हजार दो सौ नब्बे) है। इसके अतिरिक्त अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में संग्रहीत एवं मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त पाए गए 80.47 क्विंटल मसालों का विनष्टीकरण कराया गया, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 14,78,000 (चौदह लाख अट्हत्तर हजार) है। अभियान की बड़ी कार्यवाहियां निम्नवत है -

1- लखनऊ- काकोरी स्थित स्पाइस क्रॉफ्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की विनिर्माण इकाई से कालातीत 33.39 कुंतल मसाले, मूल्य 13,67,400/- रुपए है, सीज किया गया तथा प्रतिष्ठान से कुल 6 नमूने लिए गए, सहादतगंज स्थित एक विनिर्माण इकाई में रंग का प्रयोग करने के कारण मौके पर संग्रहीत धनिया एवं चिली पाउडर के साथ कुल 8 नमूने एकत्रित करते हुए कुल 864 किलोग्राम मसाले, मूल्य 1,05,920/- सीज किये गए, कन्हैया माधोपुर स्थित अवध इंडस्ट्रीज से कुल 9 नमूने संग्रहित करते हुए 88,770/- रुपए के मसाले सीज किए गए, बिजी फूड इंडस्ट्रीज हसनपुर से ज्मेउप ब्रांड के कुल 6 नमूने संग्रहित करते हुए 2 कुंतल मसाले, मूल्य ?70,000/-रुपया सीज किए गए है।

# 36 घंटे से रावली रोड स्थित धोबियान मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से है ठप, विद्युत विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर के धोबियान मोहल्ले में भीषण गर्मी के बीच पिछले 36 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप होने के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी, पेयजल संकट और दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र के लोग अंधेरे में रहने पर हैं मजबूर, वहीं भीषण गर्मी के कारण छोटे छोटे बच्चे बुरी तरह बिलबिला रहे हैं**

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों और शिकायत केंद्र पर सूचना दी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। बिजली न होने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। इनवर्टर जवाब दे चुके हैं और भीषण उमस ने लोगों का घरों में रहना मुश्किल कर दिया है।





क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# पानी की किल्लत से ग्रस्त




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

डेटा सेंटर उन क्षेत्रों में बन रहे हैं, जो पानी की किल्लत से ग्रस्त हैं। भारत डेटा सेंटरों में जल उपयोग को लेकर फिलहाल अनिवार्य पर्यावरण मानक या अनिवार्य रिपोर्टिंग के नियम मौजूद नहीं हैं।

हर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस डेटा सेंटर की स्थापना की खबर को भारत में एक बड़ी उपलब्धि समझा जाता है। इनसे विदेशी निवेश के रूप में आने वाले डॉलर की खबर उस समय और महत्त्वपूर्ण हो गई है, जब देश के सामने भुगतान संतुलन की चुनौती बढ़ रही है। मगर डेटा सेंटर्स के साथ एक अन्य बड़ी समस्या भारत आ रही है। ये वो समस्या है, जिसके कारण डेटा सेंटर्स विभिन्न अमेरिकी राज्यों में बेहद अलोकप्रिय हो गए हैं। इन सेंटर्स के लिए पानी और बिजली की इतनी ज्यादा जरूरत पड़ती है कि उससे भविष्य बिगड़ने की आशंका से कई अमेरिकी राज्यों में ये सेंटर्स बड़े जन प्रतिरोध का कारण बने हुए हैं।मगर भारत में इनको लेकर जागरूकता की अभी कमी है। जबकि गैर-सरकारी संस्था- काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक 2024-25 में भारत के डेटा सेंटरों ने सालाना 150 अरब लीटर पानी की खपत की। इन सेंटर्स की बढ़ती संख्या के कारण 2030 तक यह आंकड़ा 358 अरब लीटर पहुंचने का अनुमान है। डेटा सेंटर्स का कई उन जिलों में विस्तार हो रहा है, जो पहले से पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फिलहाल डेटा सेंटरों में पानी और बिजली के उपयोग को लेकर अनिवार्य पर्यावरण संरक्षण मानक या अनिवार्य रिपोर्टिंग संबंधी नियम मौजूद नहीं हैं।अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट आदि जैसी अमेरिकी और रिलायंस एवं अडानी ग्रुप जैसी भारतीय कंपनियां डेटा सेंटर्स के निर्माण से जुड़ी हुई हैं। आशंका है कि इनके रसूख को देखते हुए पानी और बिजली से संबंधित सख्त नियम बनाने को लेकर सरकार कतराएगी, जिसका भविष्य पर बहुत खराब असर होगा। गौरतलब है कि क्लोज्ड-लूप लिक्विड कूलिंग, इमर्सन कूलिंग और 45 डिग्री सेल्सियस लिक्विड कूलिंग जैसे सिस्टम आज मौजूद हैं, जिनसे डेटा सेंटर्स में पानी की जरूरत घट सकती है। अतः डेटा सेंटर्स में इनका इस्तेमाल अनिवार्य करने के नियम सरकार को बनाने चाहिए। पानी के दोबारा इस्तेमाल की अनिवार्यता भी लागू की जानी चाहिए। किसी नए डेटा सेंटर को मंजूरी पानी के वैकल्पिक इंतजाम और जल ऑडिट की शर्त के साथ ही दी जानी चाहिए।

## आज का विचार




# पुरस्कारों का अर्थशास्त्र ,सम्मान, कारोबार और साहित्य का संकट



डॉ. प्रियंका सौरभ

साहित्य का मूल उद्देश्य समाज को संवेदनशील बनाना, विचारों को दिशा देना और मानवीय मूल्यों को समृद्ध करना है। एक सच्चा साहित्यकार पुरस्कार पाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतःकरण को झकझोरने के लिए लिखता है। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि उत्कृष्ट रचनाकारों को सम्मानित करना किसी भी सभ्य समाज की जिम्मेदारी है। पुरस्कार न केवल लेखक की साधना को सार्वजनिक स्वीकृति देते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी सृजन के लिए प्रेरित करते हैं। किंतु जब पुरस्कार सम्मान का माध्यम न रहकर आय का साधन, प्रचार का उपकरण और व्यक्तिगत लाभ का व्यवसाय बन जाएँ, तब साहित्य की आत्मा आहत होती है। आज साहित्यिक जगत में ऐसे अनेक प्रश्न उठ रहे हैं, जो पुरस्कारों के अर्थशास्त्र और उनकी पारदर्शिता पर गंभीर विमर्श की माँग करते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में साहित्यिक पुरस्कारों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। छोटे-बड़े शहरों में अनेक संस्थाएँ विभिन्न विधाओं में पुरस्कार घोषित कर रही हैं। पहली दृष्टि में यह साहित्य के लिए शुभ संकेत प्रतीत होता है, क्योंकि इससे लेखकों को मंच और पहचान मिलती है। किंतु जब इन पुरस्कारों के पीछे की आर्थिक संरचना को देखा जाता है तो कई बार तस्वीर चिंताजनक दिखाई देती है। प्रवेश शुल्क, पंजीकरण शुल्क, सदस्यता शुल्क, अनिवार्य पुस्तकें, स्मारिका सहयोग, समारोह शुल्क और अन्य मदों के माध्यम से बड़ी राशि एकत्र की जाती है, जबकि वास्तविक पुरस्कार राशि अपेक्षाकृत बहुत कम होती है। इससे यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या पुरस्कार साहित्यकारों के सम्मान के लिए हैं या संस्थाओं की आय बढ़ाने का माध्यम?

कुछ संस्थाएँ पुरस्कारों के लिए ऐसी शर्तें रखती हैं कि केवल प्रकाशित पुस्तक वाले लेखक ही आवेदन कर सकें। इसके साथ ही पुस्तक की दो या तीन प्रतियाँ भेजना अनिवार्य होता है। आवेदन शुल्क अलग से लिया जाता है। यदि सैकड़ों लेखक आवेदन करते हैं तो संस्था के पास लाखों रुपये एकत्र हो जाते हैं। पुरस्कारों की संख्या सीमित होती है और अधिकांश प्रतिभागियों को केवल धन्यवाद या सहभागिता प्रमाणपत्र मिलता है। आर्थिक दृष्टि से यह मॉडल संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होता है, जबकि लेखक अपनी रचना, पुस्तक, डाक व्यय और आवेदन शुल्क सहित पर्याप्त धन खर्च कर देता है। यहाँ समस्या केवल शुल्क लेने की नहीं है। यदि कोई संस्था पारदर्शी ढंग से बताती है कि आवेदन शुल्क मूल्यांकन, डाक, निर्णायकों के मानदेय, सभागार, स्मारिका और प्रशासनिक खर्चों के लिए आवश्यक है, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। समस्या तब उत्पन्न होती है जब आय और व्यय का कोई सार्वजनिक विवरण उपलब्ध नहीं होता। लेखकों को यह तक ज्ञात नहीं होता कि निर्णायक कौन हैं, मूल्यांकन की प्रक्रिया क्या है और चयन के मानदंड क्या हैं। पारदर्शिता के अभाव में संदेह जन्म लेता है और सम्मान की गरिमा कम होने लगती है।आज साहित्य में एक नई प्रवृत्ति यह भी देखने को मिल रही है कि पुरस्कारों की संख्या लगातार बढ़ रही है, किंतु उनकी विश्वसनीयता घटती जा रही है। अनेक पुरस्कार ऐसे हैं जिनका साहित्यिक योगदान से अधिक संबंध प्रचार-प्रसार से दिखाई देता है। सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े पोस्टर, भव्य मंच, आकर्षक बैनर और लंबी सम्मान सूची देखने को मिलती है, लेकिन साहित्यिक गुणवत्ता पर गंभीर चर्चा कम दिखाई देती है। सम्मान समारोह कभी-कभी साहित्यिक आयोजन कम और प्रचार कार्यक्रम अधिक लगने लगते हैं।

इस प्रवृत्ति का सबसे अधिक नुकसान नवोदित लेखकों को होता है। वे सम्मान प्राप्त करने की स्वाभाविक इच्छा में आवेदन शुल्क जमा करते हैं, पुस्तकें भेजते हैं और पुरस्कार की आशा करते हैं। कई बार उन्हें केवल सहभागिता प्रमाणपत्र या मंच पर एक तस्वीर मिलती है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती है कि साहित्य में भी सफलता का रास्ता गुणवत्ता से अधिक आर्थिक योगदान और संपर्कों से होकर गुजरता है। यह धारणा साहित्य के भविष्य के लिए अत्यंत घातक है। पुरस्कारों की विश्वसनीयता का दूसरा आधार निर्णायक मंडल होता है। यदि निर्णायक स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिष्ठित हों तथा उनकी चयन प्रक्रिया सार्वजनिक हो, तो पुरस्कार की प्रतिष्ठा स्वतः बढ़ जाती है। किंतु यदि निर्णायकों के नाम गोपनीय रखे जाएँ, चयन के कारण न बताए जाएँ और परिणाम केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह जाएँ, तो प्रश्न उठना स्वाभाविक है। साहित्य में विश्वास ही सबसे बड़ी पूँजी है, और पारदर्शिता उसके संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह भी सच है कि सभी साहित्यिक संस्थाओं को एक ही दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। देश में अनेक प्रतिष्ठित संस्थाएँ और अकादमियाँ वर्षों से निष्पक्ष और सम्मानजनक पुरस्कार प्रदान कर रही हैं। वहाँ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाता या यदि लिया जाता है तो उसका स्पष्ट औचित्य और लेखा-जोखा उपलब्ध रहता है। चयन प्रक्रिया बहुस्तरीय होती है और निर्णायक मंडल स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। ऐसे पुरस्कार साहित्यकारों के लिए प्रेरणा बनते हैं और समाज में साहित्य की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं।

दूसरी ओर कुछ संस्थाएँ पुरस्कारों को नियमित आय के स्रोत के रूप में विकसित करती दिखाई देती हैं। यदि किसी प्रतियोगिता में पाँच सौ या एक हजार आवेदन आते हैं और प्रत्येक से शुल्क लिया जाता है, तो संस्था के पास बड़ी राशि एकत्र हो जाती है। यदि उसी राशि का बहुत छोटा भाग पुरस्कारों और आयोजन पर खर्च हो तथा शेष राशि के उपयोग का कोई सार्वजनिक विवरण न हो, तो आलोचना होना स्वाभाविक है। साहित्यिक संस्थाएँ सामाजिक विश्वास पर चलती हैं; इसलिए उन्हें आर्थिक पारदर्शिता का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। पुरस्कारों के अर्थशास्त्र का एक मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। सम्मान पाने की इच्छा प्रत्येक रचनाकार में होती है। यह स्वाभाविक भी है। किंतु इसी इच्छा का यदि व्यावसायिक दोहन होने लगे तो यह साहित्यिक नैतिकता के विरुद्ध है। सम्मान कभी खरीदा नहीं जा सकता और न ही आवेदन शुल्क के अनुपात में उसका मूल्य निर्धारित किया जा सकता है। वास्तविक पुरस्कार वह है जिसे समाज और समय स्वीकार करे।समाधान क्या हो सकता है? सबसे पहले प्रत्येक साहित्यिक संस्था को अपनी आय और व्यय का वार्षिक विवरण सार्वजनिक करना चाहिए। आवेदन शुल्क का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए। चयन प्रक्रिया, निर्णायक मंडल, मूल्यांकन के मानदंड और परिणामों की संक्षिप्त रिपोर्ट भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। यदि पुरस्कार वास्तव में साहित्य सेवा के लिए हैं तो संस्था को यह भी बताना चाहिए कि प्राप्त राशि का कितना भाग साहित्यिक गतिविधियों, पुस्तकालयों, युवा लेखकों, शोध और प्रकाशन पर व्यय किया गया।इसके अतिरिक्त पुरस्कारों की संख्या बढ़ाने के बजाय उनकी गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया जाना चाहिए। कम पुरस्कार, लेकिन निष्पक्ष चयन और सम्मानजनक राशि, साहित्यकारों के लिए अधिक प्रेरणादायक होगी। पुरस्कार समारोह की भव्यता से अधिक महत्त्व चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का होना चाहिए।

## वह अजनबी शहर

घर से विदा हुए लोगो के हिस्से मे,
घर नहीं होता है,,,,,,
बस एक किराये का कमरा होता है,
जहाँ पर घर की सारी सुविधाएं
रहने के बावजूद भी,,,,,,
वह किराये का कमरा घर नहीं बन पाता है।

जहाँ पर इंसान बस भूख के लिए नहीं,
जिम्मेदारी और जरूरतों के लिए होता है।
जहाँ पर ना मंज़िल का पता होता है,
ना रास्तो का कोई ठिकाना होता है।

बस जरूरतों और भूख के खातिर,
वह अपना बचपन -अपना घर,,,
और अपनों के साथ बिताया हुआ वक़्त
सब कुछ खो देता है,,,,,।

और उसका वह अजनबी शहर,,,,
नापसंद होने के बावजूद भी,
उसका पता और ठिकाना
दोनों बन जाता है,,,,,,।

और एक समय के बाद,,,,,,
ना घर जाने की खुशी रहती है,
ना त्योहारों की छुट्टी का इंतजार,
ना कोई सपना ना कोई ख्वाब,,,,,

बस मोबाइल में ही
घर की तस्वीरो को देखकर,
घर वालो के चेहरे पर खुशी देखकर,
पुरी जिंदगी घर से दूर गुजार देता है,,,,,,।



महेश कुमार प्रजापति

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# पुणे की चीख – हम कचरा नहीं संभाल पाए तो शहर कैसे संभालेंगे ?




प्रो. आरके जैन अरिजीत

पुणे के मोशी (पिंपरी-चिंचवड़) में 8 जुलाई 2026 को हुआ हादसा केवल एक इमारत का ढहना नहीं, बल्कि हमारे शहरी विकास मॉडल का ध्वंस था। पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका के वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र के पास वर्षों से जमा लेगेसी वेस्ट का पहाड़ 600 मिलीमीटर से अधिक वर्षा के बाद खिसका और तीन मंजिला प्रशासनिक भवन को निगल गया। लगभग 23 लोग मलबे में दबे, जिनमें 8 की मौत हो चुकी है, एक व्यक्ति अभी लापता है, कई घायल हुए और कई दिनों तक राहत अभियान चला। इसे प्राकृतिक आपदा कहना आसान है, लेकिन सच यह है कि बारिश ने केवल अंतिम धक्का दिया; दुर्घटना की नींव वर्षों की प्रशासनिक लापरवाही ने रखी थी। यह केवल पुणे की कहानी नहीं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु सहित लगभग हर बड़ा शहर ऐसे कचरा-पर्वतों के साये में खड़ा है, जो विकास के नहीं, आने वाली त्रासदियों के मौन स्मारक हैं। सबसे बड़ी भूल हमारी सोच में है। हमने कचरे को वैज्ञानिक चुनौती नहीं, आंखों से ओझल कर देने की वस्तु मान लिया। यही मानसिकता लैंडफिल को धीरे-धीरे कचरे के पहाड़ों में बदलती रही। लेगेसी वेस्ट मृत ढेर नहीं, बल्कि भीतर ही भीतर सक्रिय रासायनिक और जैविक प्रक्रियाओं का भंडार है। अवायवीय अपघटन (ऐनएरोबिक डीकम्पोज़िशन) से बनने वाली मीथेन, जहरीला लीचेट और वर्षा का पानी इसकी संरचना को लगातार कमजोर करते हैं। ऊपर से मिट्टी डाल देना, ढलान बना देना या हरियाली उगा देना समाधान नहीं, केवल आवरण है। पुणे में अधिकारियों ने भवन और कचरे के पहाड़ के बीच 30 मीटर की सुरक्षित दूरी का दावा किया, जबकि उपग्रह चित्रों में यह केवल 16-17 मीटर दिखी। यह फासला सिर्फ माप का नहीं, सरकारी दावों और जमीनी सच्चाई के बीच की दूरी का भी प्रमाण है।

इस त्रासदी की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जहां हादसा हुआ, वहीं वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र भी संचालित था। जिस परिसर का उद्देश्य कचरे को ऊर्जा में बदलना था, उसी के पास वर्षों से मौत का पहाड़ खड़ा रहा। वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र संचालित करने वाली निजी कंपनी के कर्मचारी, जो कचरे को संसाधन बनाने में लगे थे, अंततः उसी कचरे की भेंट चढ़ गए। इससे बड़ा विरोधाभास क्या होगा? हमारी शहरी नियोजन व्यवस्था वर्षों से एक ही भूल दोहरा रही है– पहले शहर से दूर लैंडफिल बनाए जाते हैं, फिर शहर फैलकर उन्हें अपने बीच ले आता है। आसपास उद्योग, कार्यालय और आवास बस जाते हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीं बदलते। मजबूत रिटेनिंग वॉल, प्रभावी जल निकासी और रियल-टाइम निगरानी के बिना ऐसे कचरा-पर्वत कभी भी मौत का मंजर बन सकते हैं।

# इतिहास की भूलों का परिमार्जन और नया नौसैनिक विजन



अशोक भाटिया

इतिहास गवाह है कि जो राष्ट्र अपनी समुद्री सीमाओं की अनदेखी करता है, उसकी संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि हमेशा खतरे में रहती है। भारत, चोल साम्राज्य और छत्रपति शिवाजी महाराज की महान नौसैनिक विरासत का उत्तराधिकारी होने के बावजूद, आजादी के बाद के कई दशकों तक एक 'महाद्वीपीय मानसिकता' का शिकार रहा। हमारी रक्षा नीतियों का झुकाव मुख्य रूप से स्थलीय सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित रहा और नौसेना को वह रणनीतिक प्राथमिकता नहीं मिली जिसकी वह हकदार थी।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद इस दृष्टिकोण में एक युगांतरकारी और मौलिक बदलाव आया। पिछले एक दशक (2014-2024 और उसके बाद) में भारतीय नौसेना ने न केवल अपनी परिचालन क्षमता का विस्तार किया है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक और रणनीतिक पहचान का भी पुनरुद्धार किया है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्पों पर सवार होकर आज भारतीय नौसेना हिंद महासागर से लेकर इंडो-पैसिफिक के सुदूर छोर तक वैश्विक व्यवस्था की एक अपरिहार्य और निर्णायक शक्ति बन चुकी है। समुद्र की लहरों पर दौड़ती इसी अदम्य भारतीय शक्ति को आज पूरी दुनिया सम्मान के साथ सलाम कर रही है। गौरतलब है कि एक दशक पहले तक भारत की गिनती दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में होती थी। जटिल सैन्य उपकरणों, युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए विदेशी आपूर्तिकताओं पर हमारी निर्भरता रणनीतिक स्वायत्तता के लिए एक बड़ा खतरा थी। संकट के समय विदेशी ताकतों द्वारा कलपुर्जों की आपूर्ति रोकने का जोखिम हमेशा बना रहता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बुनियादी कमजोरी पर प्रहार करते हुए नौसेना को "बिल्डर नेवी" (में बदलने का स्पष्ट रोडमैप दिया।प्रोजेक्ट 17अ और अन्य अत्याधुनिक रक्षा परियोजनाओं के तहत आइएनएस महेंद्रगिरी , आइएनएसदुनागिरी , आइएनएससंशोधक , और आइएनएस अग्रे जैसे गाइडेड-मिसाइल और स्टील्थ युद्धपोतों का घरेलू शिपयाड्र्स में निर्माण भारत की बदलती औद्योगिक और तकनीकी क्षमता का सबसे बड़ा प्रमाण है। ये केवल स्टील के तैरते हुए ढांचे नहीं हैं; ये भारत में ही विकसित उन्नत रडार, सोनार, अत्याधुनिक सेंसर और ब्रह्मोस जैसी अचूक मिसाइल प्रणालियों से लैस आधुनिक तैरते हुए अभेद्य किले हैं।

माझगांव डॉक , गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स , और कोचीन शिपयार्ड जैसी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान किया गया। आज इन शिपयाड्र्स के पास एक साथ दर्जनों युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण की क्षमता है। परिणाम यह है कि वर्तमान में नौसेना के भावी बेड़े में शामिल होने वाले युद्धपोतों में स्वदेशीकरण का स्तर 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (ऊअढ) में किए गए नीतिगत सुधारों ने देश के भीतर एक मजबूत रक्षा इकोसिस्टम तैयार किया है। हजारों लघु और मध्यम उद्योग (टरटए२) और टेक स्टार्ट-अप्स आज नौसेना के लिए विश्व स्तरीय कलपुर्जे और सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे हैं, जिससे देश का पैसा देश के भीतर ही रह रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। भारतीय नौसेना के आधुनिक इतिहास में 2 सितंबर 2022 का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुका है। इस दिन देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। आईएनएस विक्रांत केवल एक सैन्य जहाज नहीं है, बल्कि यह इक्कीसवीं सदी के भारत के सामर्थ्य, कौशल और राष्ट्रीय संकल्प का चमकता हुआ प्रतीक है।इस विशाल फ्लोटिंग एयरफील्ड के निर्माण के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा 5-6 देशों के विशिष्ट और संभ्रांत क्लब में शामिल हो गया, जो 40,000 टन से अधिक वजनी और अत्याधुनिक विमानवाहक पोतों को पूरी तरह से खुद डिजाइन और निर्मित करने की क्षमता रखते हैं।इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक और बड़ा रणनीतिक और सांस्कृतिक कदम उठाया। नौसेना के ध्वज से औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हमेशा के लिए हटा दिया गया और उसकी जगह छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्र से प्रेरित नए नौसैनिक ध्वज (निशान) का अनावरण किया गया। यह कदम इस बात का उद्घोष था कि नया भारत अब अपनी सुरक्षा रणनीतियां और अपनी पहचान विदेशी चश्मे से नहीं, बल्कि अपनी गौरवशाली विरासत के आधार पर तय करेगा।

हिंद महासागर क्षेत्र दुनिया का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है। दुनिया की कुल ऊर्जा आपूर्ति और वाणिज्यिक जहाजों का एक बहुत बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से गुजरता है। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता, पनडुब्बियों की अनधिकृत आवाजाही और उसकी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति ने एक बड़ा असंतुलन पैदा करने की कोशिश की थी। लेकिन भारत ने अपनी मजबूत नौसैनिक उपस्थिति से चीन की इस घेराबंदी को पूरी तरह से निष्प्रभावी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश और रक्षा नीति का मूल मंत्र सागर और हालिया महासागर दृष्टिकोण है। यह विजन स्पष्ट करता है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक आक्रामक शक्ति नहीं, बल्कि एक समावेशी और सहयोगी शक्ति है, जो सभी पड़ोसी मित्र देशों की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति को अपनी प्रगति से जोड़कर देखता है। पिछले कुछ वर्षों में अदन की खाड़ी, लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर सोमाली डाकुओं के आतंक और ड्रोन हमलों में अचानक भारी वृद्धि देखी गई। जब दुनिया की कई बड़ी नौसेनाएं इस संकट के सामने असहाय या रक्षात्मक मुद्रा में थीं, तब भारतीय नौसेना ने 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभाते हुए कड़ा रुख अपनाया। नौसेना के विशेष कमांडो ने रात के अंधेरे में बीच समुद्र में कई साहसिक ऑपरेशन चलाए। उन्होंने न केवल भारतीय जहाजों को बचाया, बल्कि बुल्गारिया, पाकिस्तान, ईरान और अन्य देशों के अपहृत जहाजों और उनके चालक दल के सदस्यों को मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाला।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – नौकरी में माहौल भाप लेंगे दूसरी जगह पर प्रयास तेज करेंगे, शिव भक्ति करेंगे, दवा का सेवन सोच समझकर करें, पेय पदार्थ का कार्य अब चलने लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** – किसी मामले में या तो डरपोक रहेंगे निर्णय नहीं लेंगे, सरकारी कार्य की दलाली में मुश्किल होगी लेकिन पीछे लगे रहेंगे, नशे का सेवन ना करें । भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** – घर में मन नहीं लगेगा, डायबिटीज बढ़ सकती है, ट्रांसफर भी सम्भव है, धार्मिक रुचि कम होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

**कर्क** – खुद के भविष्य को लेकर कोई रूप रेखा बन सकेगी, जो मिल रहा है करते जाएंगे, मित्रों से सहयोग मुश्किल है परिवार से भेट होगी।
भाग्य प्रतिशत-56

**सिंह** – बड़ी आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है, व्यवसाय में भी बदलाव कर सकते है जिससे ज्यादा आय कर सके, पुरानी बीमारी उभर सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

**कन्या** – बड़े मौके आयेंगे लेकिन आय अटक सकती है, गुप्त शत्रु आगे बढ़ने से रोकेगे, गुरु द्वारा मार्गदर्शन ले सकते है कोई लंबी यात्रा आने वाली है। भाग्य प्रतिशत-51

**तुला** – नंबर दो कार्य से पैसा कमा सकते है, स्त्री और पुत्री सुख मिलेगा, पार्टनरशिप में सम्भालकर रहे, मनचाहा खर्चा करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-64

**वृश्चिक** – सेहत पर ध्यान देना होगा, विवाह, प्रेम समबन्ध में मायूसी हाथ लगेगी, कोई काम हाथ में लेंगे तो समय पर पूरा करना थोड़ा मुश्किल होगा।
भाग्य प्रतिशत-46

**धनु** – कोर्ट केस में भागदौड़ शुरू होगी, नौकरी पर सही से ध्यान नहीं लग पायेगा, किराये का घर या दुकान भी बदलना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-45

**मकर** – विद्या का लाभ मिलेगा, मेहनत बढ़ाएगे उन्नति होगी, थोड़ा कड़क और प्रोफेशनल रवैया रखेंगे, जिन लोगों को भुगत चुके है फि र मिलने से बचेंगे। भाग्य प्रतिशत-57

**कुंभ** – फ्री में कार्य हो जाए ऐसा स्वभाव रहेगा, लाईजिनिंग में पैसा कमाना मुश्किल होगा, गोदाम फैक्ट्री में कोई समस्या खड़ी हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-45

**मीन** – नेटवर्क बढ़ायेंगे, किसी कार्य प्रोडक्ट का झूठा प्रचार करने से बचे, लीगल कार्यवाही हो सकती है, पढ़ाई अच्छे से करेंगे, आत्मविश्वास मजबूत रखें।
भाग्य प्रतिशत-51



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# रबी 2026-27 (विपणन वर्ष 2027-28) की फसलों के सहाय्य मूल्यों की संस्तुति हेतु लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कक्ष संख्या-08 में राज्य मूल्य परामर्शदात्री परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रबी 2026-27 (विपणन वर्ष 2027-28) की फसलों के सहाय्य मूल्यों को भारत सरकार के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को संस्तुत करना था।

**गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर और लाही-सरसों के समर्थन मूल्य की सिफारिश भारत सरकार को भेजी जाएगी**

राज्य मूल्य परामर्शदात्री परिषद द्वारा कृषकों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए रबी 2026-27 (विपणन वर्ष 2027-28) की प्रमुख फसलों, यथा गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर तथा लाही-सरसों के सहाय्य मूल्यों को कृषि लागत एवं मूल्य आयोग, भारत सरकार को संस्तुत करने हेतु निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में उत्तर प्रदेश के माननीय खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडे, कुशीनगर के सांसद, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र, सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव अजय कुमार शुक्ला, खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (अयोध्या) के कुलपति, कृषि निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा (उत्तर प्रदेश) के निदेशक एवं अन्य विभागों तथा कृषि विश्वविद्यालयों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# मारपीट में घायल युवक की मौत, परिजनों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भोजपुर थाना क्षेत्र के चुड़ियाला गांव में तीन दिन पूर्व हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाने की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।



मृतक विक्रांत जाटव (फाइल फोटो)।



भोजपुर थाने के समक्ष प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

पुलिस के अनुसार चुड़ियाला गांव निवासी विक्रांत जाटव 10 जुलाई की रात गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के चार युवकों ने उस पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला किया था। हमले में गंभीर रूप से घायल विक्रांत को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर मेरठ के अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की मां कुंती देवी ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने विक्रांत पर सुनियोजित तरीके से हमला किया और घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद से परिवार में शोक और आक्रोश का माहौल है। "हत्या के इस मामले को लेकर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने भोजपुर थाने के समक्ष प्रदर्शन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि इस मामले में चुड़ियाला निवासी आकाश, योगेश, प्रथम और निशांत उर्फ नोनू के खिलाफ पहले से मारपीट का मुकदमा दर्ज है। विक्रांत की मौत के बाद मुकदमे में हत्या की धारा भी जोड़ी जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है।

# योगी सरकार ने बदली सरकारी विद्यालयों की तस्वीर, कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार से मिली नई पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकारी विद्यालयी शिक्षा में व्यापक बदलाव दिखाई दे रहा है। सरकार ने केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाने पर ही नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग में ऑपरेशन कायाकल्प और माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रोजेक्ट अलंकार के माध्यम से विद्यालयों का स्वरूप बदला है। पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, अतिरिक्त कक्ष, डिजिटल संसाधन और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं ने सरकारी विद्यालयों में नया शैक्षणिक वातावरण तैयार किया है।

**योगी सरकार के ऑपरेशन कायाकल्प से 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों का हुआ कायाकल्प, संतृप्तिकरण 36 प्रतिशत से बढ़कर 96.30 के पार**



ऑपरेशन कायाकल्प ने परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अंतर्गत 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जा चुका है। वर्ष 2017-18 में जहां विद्यालयों का संतृप्तिकरण 36 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 96.30 प्रतिशत के पार पहुंच गया है। बच्चों के लिए 3.42 लाख डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की कार्यवाही तेजी से चल रही है। 1.30 लाख से अधिक विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित किए जा चुके हैं। हजारों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित हैं। इसके साथ ही 4.50 लाख से अधिक शिक्षकों को एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं को सुदृढ़ करने में मदद मिली है।

विद्यालयों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल शुरू की हैं। प्रदेश के 75 जिलों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें से 141 विद्यालयों के लिए भूमि चयन पूरा हो चुका है। इसके साथ 75 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं। इन्हें चरणबद्ध रूप से कक्षा 6 से 12 तक उच्चीकृत किया जा रहा है। जिन विकास खंडों में केजीबीवी नहीं हैं, वहां नए आवासीय बालिका विद्यालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है। इससे बेटियों को सुरक्षित, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा।

प्रोजेक्ट अलंकार के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। प्रदेश में 29,216 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इनमें 2,460 राजकीय हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेज शामिल हैं। सरकार ने 41 नए राजकीय इंटर कॉलेज तथा 215 राजकीय हाईस्कूल का निर्माण पूरा कराया है। 60 नए राजकीय इंटर कॉलेजों को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 280 नए विद्यालय संचालित किए गए हैं। 2,383 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और 590 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास कराया गया है। विद्यार्थियों के लिए 778 आईसीटी लैब और 1,236 स्मार्ट क्लास स्थापित की गई हैं। इससे सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

प्रदेश के 1,722 पीएम श्री विद्यालयों में 1,565 बेसिक शिक्षा विभाग तथा 157 माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षण संसाधन, नवाचार आधारित शिक्षण, कौशल विकास और समग्र शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। इससे सरकारी विद्यालय गुणवत्तापूर्ण और भविष्य उन्मुख शिक्षा के नए केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी का कहना है कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करने के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा का वातावरण देना है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार ने विद्यालयों की पहचान बदल दी है। आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, प्रशिक्षित शिक्षकों, आधुनिक तकनीक और नवाचार आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर सीखने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय को उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बनाना है, ताकि प्रत्येक बच्चा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सके।

# नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भाकियू का प्रदर्शन, जांच की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जनों ग्रामीणों ने नगर पंचायत निवाड़ी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस संबंध में सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।



ज्ञापन में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी के निजी परिसर में कराए गए मिट्टी भराव में कथित रूप से सरकारी संसाधनों के उपयोग की जांच, मार्च 2026 से 10 जुलाई तक नगर पंचायत कार्यों में खर्च हुए डीजल-पेट्रोल का सत्यापन, मानकों के विपरीत नियुक्त किए गए आउटसोर्स कर्मचारियों की जांच, श्मशान घाट के निकट निमार्णाधीन दुकानों में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच, नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर स्थापित हाईमास्ट लाइट की वैधता की जांच, वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच तथा नगर पंचायत की गौशालाओं में पशुओं को उपलब्ध कराए जा रहे चारे एवं पौष्टिक आहार की जांच की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नगर पंचायत के विभिन्न कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन पर वीरेंद्र त्यागी के अलावा मनोनीत सभासद सत्येंद्र वाल्मीकि व संगीता त्यागी के अतिरिक्त अवनीश कुमार, निशांत, सुनील कुमार, जितेंद्र त्यागी, संजय त्यागी, आशु शर्मा, पिंटू त्यागी, अमित त्यागी, नितिन बंसल, सुधीर त्यागी, विकास चौधरी, अभिषेक त्यागी, रमेश कश्यप, विशाल त्यागी, अनिल, नौशाद, बिजेंदर, कालू, रजनीश, राजीव, अनुराग, प्रवीण, पंकज, ललित, अरुण, नरेश, सनी, गौरव, रोहन, रविंद्र, देवेंद्र, विनेश सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर मौजूद थे।

# विद्युत समस्या को लेकर भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज और बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने सीकरी खुर्द बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता और एसडीओ को मौके पर पहुंचने के बाद कई घंटों तक अपने बीच बैठाए रखा। बाद में हुई वार्ता के पश्चात अधिकारियों ने चार दिन के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।



मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर और महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार सुबह शुरू हुए धरने में सीकरी खुर्द, नंदनगरी, चूनाभट्टी, विश्वकर्मा बस्ती समेत लाइनपार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि महीनों से क्षेत्र में पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर में अधिशासी अभियंता और एसडीओ के प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचने पर वार्ता हुई। मोर्चा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विभागीय उदासीनता के कारण समस्या लगातार बनी हुई है। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने चार दिन के भीतर नए ट्रांसफार्मर स्थापित कर लो वोल्टेज की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद डॉ बबली गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बिजलीघर पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।प्रदर्शन में डॉ बबली गुर्जर, राहुल प्रधान, निर्दोष खटाना, आलोक, धर्मबीर, परवीन गुर्जर, गुलाब सिंह, सुनील प्रधान, तिलकराज, बलबीर भड़ाना, साहब सिंह, जगमाल, देव पंडित, उत्तम प्रधान, विपिन जिंदल, गुड्डू नंबरदार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एसआरएम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली-एनसीआर परिसर के कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को ईश्वरी ऑडिटोरियम में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक संस्कृति, मूल्यों एवं उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ अर्निका जैन ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और व्यक्तित्व विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ आर.पी. महापात्रा और डॉ एस. विश्वनाथन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों, सतत अध्ययन तथा व्यावसायिक दक्षता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, अनुसंधान सुविधाओं और नवाचार के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में विभिन्न विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। डॉ विनोथ कुमार एम. ने शैक्षणिक ईमानदारी और नैतिक आचरण पर विचार रखे, जबकि मनीषा चौधरी ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।




केशव त्यागी ने कौशल विकास, नवाचार और उद्योग से जुड़ने के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन अपने मेंटर्स को जानिए सत्र और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय जीवन की प्रेरणादायी शुरूआत साबित हुआ।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 150 पौधे लगाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कला शिक्षण संस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में 150 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित इस अभियान में भाजपा नेताओं अमितेज जैन और अनिल सेन ने कहा कि मां जीवन देती है और प्रकृति मानव जीवन का पालन-पोषण करती है। ऐसे में अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी माध्यम है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान दिया।



संस्थान के मीडिया प्रभारी भौतेंद्र कुमार ने बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ संस्थान द्वारा पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया है। ताकि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को सार्थक बनाया जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसी शर्मा, अमित कुमार बंसल, प्रीति शर्मा, दीपांशु, पलक, धर्मेंद्र, सोनू, इरफान, जोनी तथा संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और पौधारोपण किया।

हादसा

## आदर्श नगर के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास हादसा, छात्रा की मौत

# बस चालक गिरफ्तार, पुलिस ने शुरू की जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राजधानी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। स्कूल जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार सातवीं कक्षा की 12 वर्षीय छात्रा की तेज रफ्तार स्कूल बस की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रा को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 7 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट एक स्कूल बस और ई-रिक्शा की टक्कर की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बुराड़ी निवासी 55 वर्षीय कमल सिंह स्कूल बस चला रहे थे। इसी दौरान बस ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा में बैठी 12 वर्षीय प्रियांशी सड़क पर गिर गई और पीछे से आ रही बस उसे कुचलते हुए निकल गई। हादसा इतना भीषण था कि छात्रा को गंभीर चोटें आईं। पुलिसकर्मियों ने तत्काल छात्रा को जहांगीरपुरी स्थित बीजेआरएम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा प्रियांशी मुकुंदपुर की रहने वाली थी और स्थानीय स्कूल में सातवीं कक्षा की छात्रा थी। जांच में यह भी पता चला कि ई-रिक्शा चालक अजय प्रसाद बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। ई-रिक्शा में कुल पांच स्कूली बच्चे सवार थे। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में अन्य किसी बच्चे को चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलने के बाद क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद छात्रा के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी स्कूल वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर चिंता जताते हुए प्रशासन से स्कूल बसों की नियमित जांच, चालकों के सत्यापन और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।




# स्टूडेंट ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सिलारपुर रोड पर रूपलाल कॉलोनी स्थित राजेश धाम के मकान में राहुल नामक युवक जो गलगोटिया का स्टूडेंट बताया जा रहा है मंगलवार को सुबह आस पड़ोस में रह रहे लोगों को बदबू आई तभी उन्होंने जंगले से जाकर देखा तो वह छत के कुंदे में रस्सी के फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही दनकौर कोतवाली पुलिस व फॉरेंस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी दनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिवार जनों को सूचना भेज दी गई है।



# चोरी की धनराशि में से 23.90 लाख रूपये बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** थाना हसनपुर पुलिस द्वारा चोरी की गई गाडी एवं चोरी की धनराशि में से 23.90 लाख बरामद किये गए हैं दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को पुलिस आफिस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि थाना हसनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 415/2026, धारा 306 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में वांछित दो अभियुक्तों को सोमवार की रात्रि गिरफ्तार किया गया। वादी द्वारा थाना हसनपुर पर सूचना दी गई कि उसकी उ्छ53व9899 इनोवा गाडी में रखी बड़ी धनराशि को चालक द्वारा वाहन सहित लेकर फरार हो जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तों की तलाश करते हुए थाना प्रभारी हसनपुर राजेश कुमार तिवार,एसओजी पंकज तोमर ,सर्विलांस टीम ने क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी के निर्देशन में कारवाही करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।उनकी निशानदेही पर चोरी की गई धनराशि में से 23.90 लाख तथा चोरी की गयी इनोवा गाडी (जिस की कीमत तीस लाख रूपए बताई गई ) बरामद की गई।







पूछताछ के दौरान मुख्य अभियुक्त मनोज गुप्ता ने बताया कि वह अपने मालिक के यहां चालक का कार्य करता था। उसकी शादी नहीं हुई है तथा एक महिला से विवाह की बातचीत चल रही थी। महिला द्वारा स्वयं का मकान होने की बात कहे जाने पर उसने शीघ्र धन अर्जित करने के लालच में अपने मालिक के वाहन में रखी नकदी चोरी करने की योजना बनाई। घटना के दिन वह वाहन सहित नकदी लेकर फरार हो गया तथा वाहन को गजरौला क्षेत्र में छोड़ दिया। इसके बाद वह नकदी लेकर अपने भाई कमल गुप्ता के पास पहुंचा और पूरी घटना बताई। दोनों भाइयों ने मिलकर चोरी की गई धनराशि को अपने किराये के मकान में छिपाकर रख दिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर उक्त धनराशि बरामद कर ली गई।

गिरफ्तार अभियुक्तगण मनोज गुप्ता उम्र लगभग 29 वर्ष,कमल गुप्ता पुत्र शिवओम गुप्ता,निवासीगण मकान संख्या-486,जाट चौक वाली गली,नांगलोई, दिल्ली (मूल निवासी- काला बाड़ी, लथौथा डोरा,थाना बारादरी,जनपद बरेली उम्र लगभग 35 वर्ष को को पहले न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# 10 लाख की धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस ने 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**चन्दौसी पुलिस ने आवास विकास निवासी आरोपी को दबोचा, न्यायालय में किया पेश**

पुलिस के अनुसार 21 जून 2026 को डिपेंसरी रोड निवासी गिरीश कुमार की तहरीर पर थाना चन्दौसी में धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये लेकर तय कार्य नहीं किया और रुपये वापस करने से भी इनकार कर दिया। इस संबंध में थाना चन्दौसी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(5)/351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।



जांच के दौरान थाना चन्दौसी पुलिस ने वांछित आरोपी प्रशांत वशिष्ठ, निवासी आवास विकास, थाना चन्दौसी को मंगलवार को स्टेशन से बेहजोई रोड की ओर केके पैलेस के पास स्थित दुकानों के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, उपनिरीक्षक शाकिर राणा तथा कांस्टेबल अतुल बाना शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पुस्तक मेले में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़, एनसीईआरटी पुस्तकों की हुई खरीदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** मंगलवार को नगर के बीएमजी इंटर कलेज पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर के अंतर्गत पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार सक्सेना तथा पुस्तक मेला प्रभारी अब्दुल सईद खां ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया।



पुस्तक मेले में हरी बुक डिपो, पप्पू बुक डिपो और न्यू महाजन बुक डिपो ने स्टॉल लगाए, जहां कक्षा 9 से 12 तक की एनसीईआरटी पुस्तकों की उपलब्धता रही। तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ पहुंचकर पाठ्यपुस्तकों की खरीदारी की। बीएमजी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में पुस्तकें खरीदीं।

प्रधानाचार्या डॉ. सीमा सागर ने बताया कि मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना है, ताकि पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व कु. शिखा शर्मा ने निभाया, जबकि विद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, निरस्त लाइसेंस वाली मीट दुकानें बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को जारई गेट क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर बिना वैध लाइसेंस संचालित मीट की दुकानों पर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठान निरस्त लाइसेंस पर संचालित पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। विभाग ने संबंधित संचालकों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

निरीक्षण के दौरान गोस मियां मीट शॉप, जुल्फिकार मीट शॉप, वाजिद हुसैन मीट शॉप, जुनैद मीट शॉप, गुलाम मोहम्मद मीट शॉप और नाजिम मीट शॉप का खाद्य पंजीकरण एवं लाइसेंस निरस्त पाया गया। इसके बावजूद इन प्रतिष्ठानों पर खाद्य कारोबार जारी था। प्रवर्तन दल ने सभी संचालकों को तत्काल दुकानें बंद करने के निर्देश दिए। वहीं नदीम मीट शॉप, अब्दुल लतीफ मीट शॉप, इरफान मीट शॉप तथा मोहम्मद इसरार की मीट शॉप निरीक्षण के समय बंद मिलीं। विभागीय अधिकारियों ने इन दुकानों पर नोटिस चस्पा करते हुए निर्देश दिए कि नियमानुसार निरीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूरी किए बिना कारोबार शुरू न किया जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य कारोबार करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# नगर विकास मंत्री से मिला सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात कर प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

**प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर के नेतृत्व में सौंपा मांगपत्र, प्रमुख सचिव और निदेशक से वार्ता कराने के दिए निर्देश**

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने सफाई कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं, लंबित मांगों और कर्मचारियों को आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को विस्तार से रखा। इस पर नगर विकास मंत्री ने संबंधित अधिकारियों के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रमुख सचिव एवं निदेशक स्तर पर शीघ्र वार्ता कराने के निर्देश दिए। मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रमुख सचिव और निदेशक के साथ जल्द बैठक कराई जाएगी तथा कर्मचारियों की जायज मांगों के निस्तारण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार राजवर, अनिल राधे गुड्डू, शाहिद खान एवं मुकेश चौधरी भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के सकारात्मक आश्वासन पर संतोष व्यक्त करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई।

# डीआईजी से लगाई सुरक्षा और कार्रवाई की गुहार, आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** हरूनगला क्षेत्र की निवासी किरन पत्नी सोनू ने डीआईजी बरेली को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पुराने विवाद के चलते कुछ लोग लगातार उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, उनके ससुर दुर्गेश सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। आरोप है कि सब्जी के उधार के पैसे मांगने पर 9 मार्च 2024 की शाम करीब 7 बजे सत्यवान शर्मा, प्रशांत शर्मा, शीला शर्मा, नेहा शर्मा, अमन शर्मा तथा कुछ अन्य लोगों ने उनके ससुर और पति सोनू के साथ मारपीट की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग की तथा धारदार हथियार से हमला किया, जिससे दुर्गेश घायल हो गए। उन्हें पहले जिला अस्पताल और बाद में हायर सेंटर रेफर किया गया।

किरन का आरोप है कि घटना के संबंध में शिकायत के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, खुलेआम हथियार लेकर घूमते हैं और उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया तथा स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया गया है।



पीड़िता ने डीआईजी से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**नोटः** समाचार पीड़िता द्वारा डीआईजी को दिए गए प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। मामले में पुलिस का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जाएगा।

# श्री राम मंदिर सिर्फ ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, यह करोड़ों लोगों की आस्था का मंदिर है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया और तेलंगाना इंचार्ज अदनान अशरफ ने अपने जारी बयान में श्री राम मंदिर से चंदे की चोरी मामले पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राम मंदिर सिर्फ ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि यह करोड़ों लोगों की आस्था का मंदिर है और अगर इस मंदिर में इतने बड़े पैमाने पर चंदे की चोरी हुई है, तो जनता को जवाब जरूर देना चाहिए।अदनान अशरफ ने कहा कि इस पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक स्वतंत्र न्यायिक जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।मीडिया इंचार्ज अदनान अशरफ ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की कड़ी आलोचना की और एक्टर अनुपम खेर ने हाल ही में एक बयान देते हुए कहा, "अगर घर में चोरी होती है, तो हम घर को नहीं, चोर को कोसते हैं।" इसी तरह, जब किसी मंदिर में चोरी होती है तो पूरे मंदिर को कोसना ठीक नहीं है।



# दहेज उत्पीड़न और हत्या के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की हत्या के मामले में वांछित पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार 4 जुलाई 2026 को थाना चन्दौसी क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी फांसी के फंदे से लटकाकर हत्या कर दी गई। मामले में थाना चन्दौसी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85/115(2)/80(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को थाना चन्दौसी पुलिस ने मुकदमे में वांछित आरोपी अमरपाल तथा उसकी पत्नी मालती, निवासी मोहल्ला मौलागढ़, थाना चन्दौसी को बेहजोई रोड से गिरफ्तार कर लिया।

**विवाहिता की मौत के मामले में दोनों आरोपी दबोचे, न्यायालय में किया गया पेश**



पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ओम सिंह, हेड कांस्टेबल गोविंद कुमार तथा महिला हेड कांस्टेबल कुसुम शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ व्यापार मंडल का अभियान, सुरक्षित सूती धागे के प्रयोग की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** आगामी त्योहारों और पतंगबाजी के सीजन को देखते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने चाइनीज मांझे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शहर के प्रमुख बाजारों में व्यापारियों और आम लोगों से चाइनीज मांझे की खरीद-बिक्री पूरी तरह बंद करने की अपील की।



अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्लास्टिक और केमिकल युक्त चाइनीज मांझा राहगीरों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। ऐसे में दुकानदार केवल सुरक्षित और स्वदेशी सूती धागे (सद्दी) की बिक्री करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित मांझे की बिक्री करता मिला तो प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जाएगी।

जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने अभिभावकों से भी बच्चों को चाइनीज मांझे से दूर रखने की अपील की। अभियान में लकी वार्ष्णेय, रमाकांत शर्मा, निशांत शर्मा, अतुल कश्यप, गोविंद वार्ष्णेय, तस्लीम खान, बिट्टू माली, मारूफ सहित अन्य पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

**पुलिस बेखबर** — संभल के कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित बहजोई चौराहे पर प्राइवेट वाहनों का जमावड़ा यातायात पुलिस बेखबर

# मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद भी डग्गामार बाहनो का सड़क किनारे से हो रहा है संचालन

बुलन्द संदेश संवाददाता

**संभल (मुईनुद्दीन हसन )।** बहजोई के मुख्य चौराहे पर डग्गामार प्राइवेट वाहनों व टेम्पूओ का सड़क किनारे खडे करके के सबारीओ को भरना, आम जनमानस को सर दर्द बनता जा रहा है।

**नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे अबैध रूप से टेम्पूओ का खड़ा होना, ट्रैफिक पुलिस बेखबर**

आपको बता कि बहजोई में इस्लाम नगर चोराहें के नाम से जाना जाता है बहजोई चौराहा नगर का मुख्य चौराह है परन्तु बहा अतिक्रमण के चलते आवागमन बाधित हो रहा है, यातायात पुलिस वहा फेल नजर आ रही है। खास बात यह है कि पुलिस अतिक्रमण को तो हटाने से रही ऊपर से बीच रोड पर ही वाहन रोक कर चैक करने लगती है,पीछे फिर चाहे जाम लगे उनको इसकी परवाह नही। आए दिन संभल में यातायात नियमों को ताक पर रखकर प्राइवेट वाहन चालक रोड़ के बीचों बीच खड़ा कर देते हैं, जहां चाहे सवारी उतारें या चढ़ायें उन्हें कोई रोक नही सकता ऐसा लगता है या तो पुलिस उन्होंने खरीद ली हो या फिर पुलिस का डर नहीं अगर ऐसा नही है तो चौराहे की दुर्दशा क्यूं।

आखिरकार नगर वासियों के इस जाम की झाम से कब मिलेगी निजात, नगर के मुख्य चौराहे पर सड़क किनारे रोड पर डग्गामार बाहनों का संचालन होता है ट्रैफिक पुलिस मूर्ख दर्शक बनी रहती है दुकानदार अपने दुकान के सामानों को बाहर निकाल कर रखते हैं जैसे ठेले, फड़ कुठिया बक्सा आदि से फुटपाथ को घेर लिया जाता है जिससे आना जाने वाले लोगों को रास्ते में बाधित होना पड़ता है मुख्य चौराहे पर आए दिन लगता रहता है जाम ट्रैफिक पुलिस को फुटपाथ खाली करना चाहिए



पुलिस को सोचना चाहिए कि आये दिन लग रहे जाम के चलते राहगीरों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता,इसको देखते हुए आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि पुलिस कितनी सक्रिय है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तिरुपति बालाजी व भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर के मुरादाबाद बाईपास स्थित तिरुपति एन्क्लेव में मंगलवार से तिरुपति बालाजी एवं भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। नरवर संस्कृत महाविद्यालय से आए विद्वान आचार्यों ने धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन किया।



श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश का पूजन कराया। इसके बाद तिरुपति बालाजी एवं भगवान शिव का जलाधिवास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। नाम संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर भजन-कीर्तन पर झूम उठे। अंत में आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर शनि शास्त्री, आचार्य नितेश शर्मा, आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, मुकेश सोम, महेश अग्रवाल, सुबोध शर्मा, चंद्रप्रकाश गुप्ता, गिरीश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, उमा सिंह उत्सुक, मनोज सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# अधीक्षण अभियंता समेत 7 अधिकारियों का ट्रांसफर: बिजली कटौती पर एमडी का एक्शन

**मेरठ।** मेरठ में बिजली कटौती पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) ने सख्त कार्रवाई की है। प्रबंध निदेशक (एमडी) ने मंगलवार को एक अधीक्षण अभियंता, एक अधिशासी अभियंता और पांच उपखंड अधिकारियों (एसडीओ) का तबादला कर दिया। इनमें कई अधिकारियों को जिले से बाहर भेजा गया है।

कार्रवाई के तहत शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता मोहम्मद अरशद को हटाकर एमडी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, 33 केवी के अधिशासी अभियंता अंकित वशिष्ठ का तबादला देवबंद (सहारनपुर) कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि लगातार बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही थीं। समीक्षा में लापरवाही सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया। कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

पांच एसडीओ पर भी की गई कार्रवाई

एमडी रवीश गुप्ता ने 5 उपखंड अधिकारी (रऊड) पर भी गाज गिरा दी है। इनमें एसडीओ मोहम्मद जसीम अख्तर, एसडीओ अमित कुमार मिश्रा, एसडीओ संतोष कुमार, एसडीओ सतीश चंद्र और एसडीओ रूपेश कुमार के नाम शामिल हैं।

एसडीओ जसीम अख्तर को गजरौला, एसडीओ रूपेश कुमार को शहरी क्षेत्र से हटकर देहात, एसडीओ सतीश चंद्र को मुजफ्फरनगर, एसडीओ अमित कुमार मिश्रा और संतोष कुमार को सहारनपुर का रास्ता दिखाया गया है। इन सभी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिजली कटौती को लेकर लगातार हंगामे हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि भी कई मामलों में सड़क पर दिखाई दिए लेकिन इन अफसरों पर जरा भी फर्क नहीं पड़ा। हद तो तब हो गई जब 2 दिन पहले बिजली कटौती से नाराज लोगों ने रात में पहले एमडी रवीश गुप्ता और फिर जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह का आवास घेरने का प्रयास किया। कुछ इंजीनियरों के व्यवहार को लेकर भी शिकायत मिल रही थी।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महिलाएं मायूस, भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल मार्केट प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने के बाद मंगलवार को स्थानीय महिलाओं और व्यापारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। फैसले के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार आश्वासन दिए गए, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली और अब उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि उन्हें जानकारी दी गई है कि 25 मीटर से बड़े किसी भी भवन को राहत नहीं मिलेगी। जिन भवनों का स्वीकृत मानचित्र नहीं है, उनके विरुद्ध भी ड्रोन सर्वे के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना था कि इस फैसले से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि केवल आश्वासन मिले, लेकिन समाधान नहीं मिला। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने पहले से सील किए गए 44 भवनों को ध्वस्त करने के आदेश बरकरार रखे। अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन आवासीय भवनों में नियमों के विपरीत पूरी तरह व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं, उनके विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। अदालत ने अवैध निर्माण को नियमित करने की मांग भी अस्वीकार कर दी।

अवैध निर्माण पर अदालत की सख्त टिप्पणी

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अवैध निर्माण के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय की टिप्पणी थी कि नियमों के विपरीत किए गए निर्माण को वैध घोषित करने या नियमित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया कि सभी अवैध निर्माणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



फैसले के बाद सेंट्रल मार्केट क्षेत्र में निराशा का माहौल दिखाई दिया। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब उन्हें ध्वस्तीकरण और निर्माण सीमा के अनुरूप बदलाव कराने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। कई लोगों ने इसे रोजगार और परिवार के भविष्य से जुड़ा मुद्दा बताया। अदालत ने 25 मीटर श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवासों को भी कोई विशेष राहत नहीं दी। ऐसे भवनों को भी निर्धारित निर्माण सीमा का पालन करना होगा। फैसले के बाद माना जा रहा है कि आवास एवं विकास परिषद आगे की कार्रवाई तेज करेगी।

# जिलाधिकारी ने किया गंगनहर पटरी कांवड मार्ग का स्थलीय निरीक्षण, अधिकारियो को दिये निर्देश

**मेरठ।** आगामी कांवड यात्रा तैयारी के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व एसएसपी अविनाश पांडे द्वारा गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने सलावा पुल, अटेरना पुल, दौराला पुल, नानू पुल, भलसौना पुल, पूठखास पुल, भोला की झाल, जानी पुल, सिवालखास पुल से बाबा भूरेशाह दरगाह तक कांवड मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कांवड मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सडक मरम्मत, जल निकासी, शौचालय, पेयजल, साईनेज, स्ट्रीट लाईट, झाड़ियो की कटाई, गोताखोर व मोटर बोट की व्यवस्था, विद्युत पोल, विद्युत खंभो को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, रूट डायवर्जन प्लान, संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होने समस्त संबंधित अधिकारियो को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने व समस्त व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये।



इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राम प्रसाद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक

**मेरठ।** पूर्व सैनिक एंव शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं निस्तारण हेतु जिला सैनिक बन्धु की जुलाई 2026 की मासिक बैठक जिलाधिकारी मेरठ के द्वारा नामित श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की गयी। बैठक में भूमि संबंधी शिकायतों, विवादो तथा पुलिस से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हे संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु भेज दिया गया। उपस्थित पूर्व सैनिको ने अपर जिलाधिकारी (नगर) का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मामलों को सुना। बैठक में भूतपूर्व सैनिक श्री गजेन्द्र शर्मा की भूमि पर अवैध कब्जा, भूतपूर्व सैनिक श्री सुखपाल सिंह के शस्त्र लाइसेन्स, श्री भूतपूर्व सैनिक पत्नि श्रीमति नीलम उपाध्याय को अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को तत्काल रोकने, शहीद द्वार बनवाने की अनुमति और कार्यरत सैनिक की लम्बित मामलों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, शहीदों के नाम पर सडकों के नामकरण से संबधित विषय पर भी कार्यवाही नहीं बढ़ पा रही है। इस विषय पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्लयूडी) की शिकायत आख्या अभी लम्बित है। बैठक में सम्बन्धित प्रकरणो को श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ ने जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया।



# आगामी महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना नौगांवा सादात में पुलिस अधिकारियों द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** आगामी महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना नौगांवा सादात में पुलिस अधिकारियों द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना नौगांवा सादात परिसर में क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात एवं प्रभारी निरीक्षक थाना नौगांवा सादात द्वारा आगामी महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान उपस्थित पुलिस बल को उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत आदेशों एवं दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता, भीड़ नियंत्रण, त्वरित पुलिस रिस्पांस एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अधिकारियों द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि ड्यूटी के दौरान पूर्ण अनुशासन, सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करें। श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शालीन व्यवहार बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।इसके अतिरिक्त कांवड़ यात्रा मार्ग पर निरंतर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी निगरानी रखने, यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए।



# कक्षा नौ की छात्रा ईहा ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ रोपे पौधे

**मेरठ।** लोहिया नगर स्थित सेंट फ्रांसिस वर्ल्ड स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा ईहा दीक्षित लगातार पौधारोपण कर रही हैं। उन्होंने अपने पौधारोपण के 429 वें सप्ताह में अपनी बहन कक्षा तीन की छात्रा एशल दीक्षित के साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधे रोपे।

इस दौरान कृषि मंत्री ने ईहा से उनके द्वारा रोपे जाने वाले पौधों की तकनीक और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न सुझाव भी मांगे। इंडियन काउंसिल आफ एग्रीकल्चर रिसर्च पूसा नई दिल्ली के इंटरनेशनल गेस्ट हाउस के प्रांगण में कृषि मंत्रालय की ओर से वृक्ष मित्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था।

मेरठ से छात्रा ईहा दीक्षित और एशल दीक्षित ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण से किया गया। इस दौरान ईहा और एशल तथा कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अशोक के पौधे लगाए। यह ईहा दीक्षित का 429 वां पौधारोपण सप्ताह रहा। कृषि मंत्री की ओर से इन दिनों पौधारोपण के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की समिति बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।




आडिटोरियम में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने छात्रा ईहा दीक्षित से भी सुझाव मांगे। इस दौरान छात्रा ने कहा कि वास्तव में पर्यावरण का विषय स्कूली बच्चों के केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित है। ईहा ने पर्यावरण विषय से हर बच्चे को जोड़ने और जागरूक करने के लिए तीन सुझाव दिए।

कार्यक्रम में मौजूद पदम भूषण अनिल जोशी और अन्य अतिथियों ने भी इन सुझावों को स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय समिति के गठन में शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में कृषि मंत्री ने संवाद कार्यक्रम में प्राप्त सभी सुझावों के आधार पर समिति का एजेंडा प्रस्तावित किया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर छात्रा की मौत, भाई के साथ स्कूल से लौट रही थी 10वीं की छात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पवांसा-आटा चन्दौसी मार्ग पर मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से कक्षा 10 की एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई मामूली रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में खाटू श्याम धाम की यात्रा की तैयारियां चल रही थीं, वहां कुछ ही पलों में मातम छा गया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अजीमाबाद निवासी चेतन स्वरूप गौड़ का पुत्र अभय गौड़ मंगलवार को राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए रवाना होने वाला था। यात्रा पर निकलने से पहले वह पवांसा स्थित पंडित राम प्रसाद शर्मा इंटर कॉलेज से अपनी 15 वर्षीय बहन खुशी, जो कक्षा 10 की छात्रा थी, को लेने पहुंचा। दोनों इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर लौट रहे थे।

सुबह करीब 10:30 बजे पवांसा-आटा चन्दौसी मार्ग पर अभय ने आगे चल रही मक्का से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान स्कूटी के नीचे ईंट आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर फिसल गया। हादसे में अभय सड़क के दूसरी ओर जा गिरा, जबकि पीछे बैठी खुशी सड़क पर गिर गई। तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अजीमाबाद निवासी ओमवीर चला रहा था, जो बहजोई मंडी से मक्का लेकर गांव लौट रहा था। सूचना मिलते ही आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खुशियों के साथ शुरू होने वाली खाटू श्याम यात्रा की तैयारियां एक पल में मातम में बदल गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# संभल को विकास की नई सौगात: गंगा एक्सप्रेसवे किनारे 13.70 करोड़ से बनेगा राज्य कर विभाग का हाईटेक आवासीय परिसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जनपद के विकास को गति देने वाली एक और महत्वपूर्ण परियोजना धरातल पर उतरने जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संभल में आधुनिक आवासीय परिसर के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। करीब 13.70 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस परिसर का निर्माण गंगा एक्सप्रेसवे के निकट किसौली गांव में कराया जाएगा।

परियोजना के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग (भवन), मुरादाबाद को सौंपी गई है। शासन की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली किस्त के रूप में 3.45 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। धनराशि जारी होने के बाद निर्माण प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। आवासीय परिसर के निर्माण का भूमि पूजन समारोह 15 जुलाई को सुबह 10:30 बजे किसौली गांव में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। राज्य कर विभाग के लिए बनने वाला यह आवासीय परिसर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनने से उन्हें बेहतर आवासीय माहौल मिलेगा। इससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ने के साथ ही विभागीय कार्यों के संचालन में भी और मजबूती आएगी। गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक इस तरह की महत्वपूर्ण परियोजना आने से किसौली क्षेत्र में विकास की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ क्षेत्र में सरकारी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। शासन की ओर से लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में इसे जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। राज्य कर विभाग के इस आवासीय परिसर के निर्माण से न केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था को भी नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**15 जुलाई को किसौली में होगा भूमि पूजन, मंत्री गुलाब देवी करेंगी शुभारंभ**

# 260 नव दंपतियों को पुष्पवर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पपसरा पुलिस चौकी के निकट अतरासी रोड जोया में स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश गुलाब देवी की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि सांसद अमरोहा कंवर सिंह तंवर, शिक्षक विधायक डॉ० हरि सिंह ढिल्लो, विधायक धनौरा राजीव तरारा, जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पार्टी पदाधिकारीगण, प्रशासनिक व जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 260 नव दंपतियों को पुष्पवर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती गुलाब देवी जी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सरकार जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह करा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्यादान का विशेष महत्व है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह कराना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। ऐसे परिवारों की चिंता दूर करने के लिए प्रदेश सरकार यह योजना संचालित कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को एक लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इतने भव्य एवं गरिमामय वातावरण में विवाह समारोह का आयोजन होना अत्यंत सौभाग्य की बात है। गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी वर्गों तक बिना किसी भेदभाव और पक्षपात के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं।उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान के साथ सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत करें।अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने संबोधन में इस योजना को सभी के लिए लाभकारी बताया। जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार द्वारा 01 लाख रुपए का वहन किया जाता है जिसमें से 64 हजार रुपए कन्या बैंक खाते में,21 हजार रुपए की उपहार सामग्री और 15 हजार रुपए वैवाहिक व खानपान व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं।उन्होंने कहा यह आयोजन सामूहिक और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम है।अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा शशि जैन ने नव विवाहित युगल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।



**जनजीवन प्रभावित** दोपहर में सड़कों और बाजारों में पसरा सन्नाटा, किसान भी धान की रोपाई के दौरान गर्मी से हुए परेशान

# तेज धूप और उमस ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, 39 डिग्री तापमान ने किया बेहाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल ( सय्यद अतहर अली)।** जनपद में मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया। दोपहर तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से हालात और भी मुश्किल हो गए। चिलचिलाती धूप के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया, जबकि दोपहर के समय सड़कों और प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। केवल जरूरी कार्य से ही लोग घरों से बाहर निकले और जल्द से जल्द अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश करते दिखाई दिए। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों, शिकंजी, जूस और आइसक्रीम का सहारा लिया, लेकिन उमस के कारण राहत क्षणिक ही साबित हुई। दिनभर गर्म हवाओं और चिपचिपी उमस ने लोगों को पसीने से तरबतर रखा। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को झेलनी पड़ी, जिन्हें मजबूरी में धूप के बीच काम करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। धान की रोपाई में जुटे किसानों को तेज धूप और उमस के बीच खेतों में काम करना भारी पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है, जिससे रोपाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे मौसम में लगातार काम करना स्वास्थ्य के लिए भी चुनौती बन गया है। मौसम की मार से परेशान शहर और गांव के लोग अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।






# सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक मंगलवार को मंडल कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई' इसकी अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई (उपाध्यक्ष ,सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ,उत्तर प्रदेश शासन) ने की संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

**धान की रोपाई के लिए नहरों में पानी तुरंत छोड़ा जाए :धर्मपाल सिंह**

बैठक में पुराने कार्यों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्य पूर्ण हुए तथा कुछ कार्य जैसे महमूदपुर रजवाहे को गागन नदी से जोड़ना, यह कार्य प्रगति पर है। मुंडा पांडे में शिवपुरी कन्या महाविद्यालय के सामने का पुल अधर में लटका है जिसके लिए अध्यक्ष ने एसडीओ अफजलगढ़ मलखान सिंह को यह कार्य सौंपा। लघु सिंचाई में किसानों की अनुदान की शेष धनराशि शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। वर्तमान में सिल्ट सफाई, नहर कटिंग, कुलाबे तथा सिंचाई शुल्क की कोई समस्या नहीं है क्योंकि सरकार 2012 से किसानों को निशुल्क सिंचाई उपलब्ध करा रही है। वर्षा कम होने के कारण किसान अभी तक धान पौध की रोपाई नहीं कर पाए हैं इस स्थिति से निपटने के लिए अध्यक्ष ने तुरंत सभी नहरों में पानी छोड़ने का आदेश दिया कुछ नहरों में आज शाम को पानी छोड़ दिया जाएगा ताकि किसान धान की रोपाई कर सकें।वर्तमान में 6 नलकूप यांत्रिक दोष के कारण तथा 7 नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद पड़े हैं जिन्हें एक सप्ताह के अंदर-अंदर ठीक कर सुचारू रूप से



चलाने का आदेश दिया गया। डायरेक्ट नलकूप को 10 घंटा ,ग्रामीण लाइन से जुड़े नलकूप को 18 घंटा, तथा नगर क्षेत्र से जुड़े नलकूप को 22 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं फिर भी बाढ़ से संबंधित अधिकारी कर्मचारी आदि को सजग रहने का आदेश दिया।

बैठक में नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम, अम्बरीष कुमार अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग ,श्रद्धा भट्ट एसडीओ नलकूप खंड, राकेश कुमार एसडीओ नलकूप खंड द्वितीय ,गोपाल सिंह एसडीओ सिंचाई खंड मुरादाबाद ,अमित कुमार कृषि अधिकारी ,मलखान सिंह एसडी अफजलगढ़ ,मुनेश कुमार शर्मा, लघु सिंचाई, मुकेश कुमार,उपाध्याय बाढ़ खंड मुरादाबाद ,सुशील कुमार यादव एसडीओ तृतीय तथा महेश पाल सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक फेरबदल: अवनिंद्रा कुमार शुक्ला ने बिलारी तहसीलदार का पदभार ग्रहण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** शासन द्वारा जारी आदेश के क्रम में अवनिंद्रा कुमार शुक्ला ने बिलारी तहसील के तहसीलदार पद का मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, लेखपाल संघ, बार एसोसिएशन एवं तहसील कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। नवनियुक्त तहसीलदार ने कहा कि राजस्व विभाग के सभी कार्यों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाएगा।

## गोकशी के "दो दोषियों को पांच-पांच साल की "सजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एडीजे तीन की अदालत ने गोकशी के दो मुलजिम शकील कुरैशी और गुलजार को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई है जबकि दोनों पर 60-60 हजार का जुमार्ना भी लगाया है।मूंढापांडे थाने में एसआई चमन सिंह ने नौ दिसंबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रक में पशु लादकर ले जा रहे हैं। मूंढापांडे क्षेत्र के सिहारे बाजे के पास पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर ही फायरिंग कर दी थी।पुलिस ने घेराबंदी कर इस मामले में रामपुर के टांडा थानाक्षेत्र के नंगली निवासी शकील कुरैशी और संभल के कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ल सैफरवा निवासी गुलजार को गिरफ्तार किया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे तीन सुरेंद्र कुमार की अदालत में चली। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शकील कुरैशी और गुलजार को दोषी करार दिया। दोनों को पांच-पांच साल की सजा और 60-60 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अब 17 जुलाई तक आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए अभी तक पूरे प्रदेश से केवल 124 शिक्षकों ने आनलाइन आवेदन किया है। इसे देखते हुए बेसिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों, जिला विद्यालय निरीक्षकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र शिक्षकों और प्रधानाचार्यों से 17 जुलाई तक आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं।




## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने "नियमों का उल्लंघन करने पर 100 से ज्यादा संस्थानों को दिया "नोटिस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** लखनऊ अग्निकांड के बाद शहर में भवन सुरक्षा और निर्माण संबंधी नियमों को लेकर एमडीए ने अभियान शुरू कर दिया है।

पहले चरण में 37 भवनों को सील करने के बाद अब 100 से ज्यादा बैंक्वेट हॉल, अस्पताल, स्कूल, कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सभी को 15 दिन के भीतर स्वीकृत भवन मानचित्र, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था और अन्य निर्धारित मानकों का अनुपालन साबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राधिकरण का कहना है कि पहले जारी किए गए नोटिसों के बाद कई संस्थानों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई जा चुकी है। अब दूसरी सूची में शामिल प्रतिष्ठानों को भी स्पष्ट रूप से आगाह किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कमियां दूर नहीं की गईं तो उनके खिलाफ भी सीलिंग के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों में चिंता बढ़ गई है।

एमडीए की जांच टीमें लगातार शहर के अलग-अलग हिस्सों में सर्वे और निरीक्षण कर रही हैं। बिना स्वीकृत नक्शे पर बने भवनों और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जहां भी नियमों का उल्लंघन मिल रहा है, वहां तत्काल नोटिस जारी किए जा रहे हैं।एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने कहा कि शहर में अवैध निर्माण और सुरक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। तय समय में कमियां दूर नहीं करने वाले संस्थानों पर 37 भवनों की तरह सीलिंग सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## गुरु "रविदास एक्सप्रेस चलने से मुरादाबाद के यात्रियों को मिलेगा" लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रेलवे ने अमृतसर और वाराणसी के बीच नई गुरु रविदास एक्सप्रेस (14623/24) चलाने का फैसला किया है। इस नई ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर भी होगा, जिससे जिले के यात्रियों को पंजाब और वाराणसी के लिए नया और सुविधाजनक रेल विकल्प मिलेगा। नई ट्रेन अमृतसर के छेहरटा स्टेशन से रात 2:05 बजे रवाना होकर दोपहर 12:15 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन वाराणसी से शाम 7:50 बजे चलकर रात 12:10 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 7:25 बजे लखनऊ होते हुए शाम 5:10 बजे अमृतसर पहुंचेगी। हालांकि ट्रेन के संचालन की तिथि की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। सूत्रों के मुताबिक इस ट्रेन का ठहराव अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी और वाराणसी सहित प्रमुख स्टेशनों पर होगा।



रेलवे के अनुसार नई ट्रेन शुरू होने से मुरादाबाद के यात्रियों को पंजाब और वाराणसी की यात्रा में अधिक सुविधा मिलेगी। धार्मिक यात्रियों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ समय की भी बचत होगी। सीनियर डीसीएम महेश यादव का कहना है कि आधिकारिक रूप से घोषणा होना बाकी है।

## 38 बीघा भूमि प्रकरण में तत्कालीन अधिकारियों की भी हो जांच: सैय्यद शान अली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** नगर पालिका के नामित सदस्य सैय्यद शान अली ने 38 बीघा भूमि प्रकरण में तत्कालीन नगर पालिका के सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**सैय्यद शान अली ने यह भी कहा कि उस समय जिन ठेकेदारों को नगर पालिका द्वारा ठेके आवंटित किए गए थे, उनमें बाबुओं और अन्य अधिकारियों की क्या भूमिका रही, इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए**



उन्होंने कहा कि जिस समय यह कथित घोटाला हुआ,उस दौरान नगर पालिका में तैनात रहे ठेकेदारों, बाबुओं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। सैय्यद शान अली ने कहा कि जिन लोगों ने जमीन खतौनी देख कर खरीदी है उनका क्या कुसूर है जो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है उन्हें सीधे आरोपी बनाना उचित नहीं है। और इतनी भी जल्दी क्या थी जो सात दिन में ही सब कुछ छीन लिया और मुलजिम भी बना दिया और तत्कालीन अधिशासी अधिकारी राजकुमार गुप्ता की गिरफ्तारी भी हो चुकी है, ऐसे में उस समय कार्यरत सभी संबंधित लोगों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

सैय्यद शान अली ने यह भी कहा कि उस समय जिन ठेकेदारों को नगर पालिका द्वारा ठेके आवंटित किए गए थे,उन में बाबुओं और अन्य अधिकारियों की क्या भूमिका रही, इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि किसी स्तर पर अनियमितता या मिलीभगत सामने आती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सैय्यद शान अली ने यह भी कहा कि यदि भूमि के सरकारी रिकॉर्ड में कोई त्रुटि या अनियमितता थी तो उसकी जिम्मेदारी तय किए बिना खरीदारों के खिलाफ कार्रवाई क्यों की गई। उन्होंने कहा कि इस पहलू की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि निर्दोष लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और व्यापक जांच कर सभी दोषियों की जवाबदेही तय की जाए।

## बिचौलिया वाले बयान पर पत्रकारों ने जताई आपत्ति, संवैधानिक भूमिका की दी दुहाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से सीधे संपर्क और कथित रूप से 'बिचौलियों' को नापसंद करने संबंधी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के बयान पर स्थानीय पत्रकार संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने इस संदर्भ में पत्रकारिता की संवैधानिक भूमिका और उसके महत्व को रेखांकित किया है।यूनियन के सचिव डॉ. संतोष गुप्ता और मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि पत्रकार समुदाय को 'मीडिया' या 'बिचौलिया' कहना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रकार सत्ता और जनता के बीच मध्यस्थ नहीं होते, बल्कि प्रेस के रूप में उनका मूल दायित्व जनता की समस्याओं, अधिकारों और जरूरतों को सरकार तक पहुंचाना तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही, उन्होंने संवाददाताओं के लिए 'मीडिया' शब्द के बढ़ते चलन पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। डॉ. गुप्ता ने तर्क दिया कि कभी भी 'मीडिया कॉन्फ्रेंस' नहीं कहा जाता बल्कि हमेशा 'प्रेस कॉन्फ्रेंस' कहा जाता है, इसलिए सरकारी प्रेस रिलीज में 'मीडिया बंधुओं' जैसे शब्दों का संबोधन निहायत ही आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि 'स्ट्रिंगर', 'संवाद सूत्र' और 'संवाद एजेंसी' जैसे शब्द पत्रकार और प्रेस की गरिमा को समाप्त करने का षड्यंत्र प्रतीत होते हैं, जबकि इनके स्थान पर सम्मानित प्रेस, पत्रकार या प्रतिनिधि जैसे गरिमापूर्ण शब्दों से संबोधित किया जाना चाहिए।संगठन के पदाधिकारियों ने हाल के दौरों में प्रशासनिक स्तर पर संवाद के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों का भी उल्लेख किया। वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह ने कहा कि जब स्थानीय स्तर पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्रकारों से दूरी बनाने की नीति अपनाई जाती है, तो इससे संवाद में बाधा उत्पन्न होती है। पत्रकारों के अनुसार, पत्रकारिता का उद्देश्य किसी की आलोचना करना नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर नीतियों की समीक्षा करना है।


महीपाल सिंह जिला अध्यक्ष

लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे सकारात्मक रूप से देखा जाना चाहिए। स्थानीय प्रेस क्लब और पत्रकार संगठनों ने मांग की है कि शासन और प्रशासन के स्तर पर पत्रकारों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस और संवाद की परंपरा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि जनता से जुड़े विषयों पर सीधा, स्पष्ट और पारदर्शी संचार बना रहे और लोकतंत्र के इस स्तंभ की गरिमा व स्वतंत्रता सुरक्षित रहे।

## दहेज की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्जन भर लोगों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आज रात 8:00 बजे मिली जानकारी के मुताबिक उमरी कला निवासी नाजिम हसन की पुत्री की शादी अनीश पुत्र हनीफ निवासी उमरी कला के साथ 2014 में हुई थी उसके पिता ने काफी सामान दहेज में दिया लेकिन उसके ससुराल वाले पति, ससुर,सास, देवर, नंद दहेज को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने लगे। इस बीच उसने दो बच्चों को जन्म दिया लेकिन उसका पति उसे छोड़कर दुबई चला गया कुछ दिन उसने खर्च के लिए रुपए भेजे परंतु इस साल जनवरी के बाद उसने खर्चा देना बंद कर दिया जिससे उसके सामने आर्थिक परेशानी पैदा हो गई ससुराल वालों ने कहा तेरे बच्चे हैं तू ही खर्च उठा। इसके बाद उसके साथ मारपीट हुई तो उसने पुलिस की मदद ली लेकिन इसके बाद भी ससुरालियो ने उत्पीड़न करना बंद नहीं किया उसने एसएसपी को अपनी परेशानी बताई उनके आदेश से पुलिस ने दर्जन भर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए स्कूल में दिया गया साफ-सफाई का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को संचारी रोगों से बचाव और स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने छात्रों को बताया कि दूषित भोजन, पानी और मच्छरों के कारण मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, चेचक व डायरिया जैसे संचारी रोग फैलते हैं। बचाव के लिए घर-आसपास साफ-सफाई, कूलर-नालियों की सफाई और पानी जमा न होने देने पर जोर दिया।



इस दौरान छात्रों ने स्वच्छता को अपनाएं, संचारी रोग दूर भगाएं हाथ धोकर साबुन से, रोग मिटा दो जीवन से जैसे स्लोगन भी दोहराए।कार्यक्रम में आदित्य राघव, अमित कुमार, सजल राघव, आकांक्षा, राधा, अनीता, विनीता, तनु, लक्ष्मी, आरती, चंचल, कामिनी, निशा, काजल, भारत, मनीष, टिंकू सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## टी बी उन्मूलन अभियान: 98 प्रतिशत कवरेज के साथ मंडल में मुरादाबाद का पहला स्थान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** टीबी उन्मूलन अभियान में सुधार के दावों के बीच मुरादाबाद मंडल की तस्वीर अब भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है।हाल ही में जारी हुई जून की रिपोर्ट बताती है कि मंडल में 18,028 ऐसे लोग चिह्नित हुए, जिन्हें टीबी से बचाव के लिए टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) दिया जाना था, लेकिन इनमें से 4350 लोगों तक दवा नहीं पहुंच सकी। यह स्थिति टीबी संक्रमण रोकने की मुहिम के सामने बड़ी चुनौती मानी जा रही है।हालांकि मुरादाबाद जिले ने 98 प्रतिशत कवरेज के साथ मंडल में पहला स्थान हासिल किया है। जिले में 2949 पात्र लोगों में से 2882 को टीपीटी शुरू करा दी गई।वहीं रामपुर ने 94 प्रतिशत और संभल ने 86 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इसके उलट बिजनौर में केवल 62 प्रतिशत और अमरोहा में 55 प्रतिशत पात्र लोगों तक ही दवा पहुंच सकी, जिससे मंडल का औसत 79 प्रतिशत पर आकर रुक गया। विशेषज्ञों का कहना है कि टीबी मरीज के साथ रहने वाले परिजनों में संक्रमण फैलने की आशंका सबसे अधिक रहती है।ऐसे लोगों को समय पर टीपीटी मिलने पर भविष्य में उनमें सक्रिय टीबी विकसित हो सकती है।इसका सीधा असर टीबी उन्मूलन अभियान पर पड़ता है, क्योंकि संक्रमण की चेन टूटने के बजाय आगे बढ़ने का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती अब शेष 4350 पात्र लोगों तक जल्द से जल्द दवा पहुंचाना है।एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल का कहना है कि यह जून तक आंकड़ा है। जुलाई में इसमें और प्रगति की गई है। पात्र लोगों तक दवा पहुंचाई जा रही है, जिससे संक्रमण का खतरा न रहे।

**निरीक्षण** लखनऊ एवं अयोध्या मण्डल के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## नरेन्द्र कश्यप ने डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संकेत केन्द्र का निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने आज मोहान रोड, लखनऊ स्थित डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ह्यसंकेतह्न मूक-बधिर (श्रवण बाधित) केन्द्र का निरीक्षण किया। दिव्यांग हेतु 50 प्रतिशत आरक्षित सीटों को पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देश दिये तथा निरीक्षण के दौरान पायी गयी अव्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त किया।

समेकित विद्यालयों में दिव्यांग को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक, आवासीय एवं पुनर्वास संबंधी सुविधाओं की जांच की। इस दौरान विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की।






राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा विशेष विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पुनर्वास के उत्कृष्ट केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मंत्री ने उ0प्र0 सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, बजट व्यय, छात्रवृत्ति, दिव्यांगजन पेंशन, विशेष विद्यालयों के संचालन, पुनर्वास कार्यक्रमों, प्रचार-प्रसार, निर्माण कार्यों तथा अन्य विभागीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। समाज के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की सूचना के अवभाव में पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाता है, जिसके लिए मण्डल एवं जनपद स्तर पर कैम्प के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी जनता को योजनाओं के विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जाए।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जन और पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को धरातल पर और अधिक प्रभावी बनाना तथा समेकित विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने लखनऊ व अयोध्या मण्डल के अतिरिक्त जनपदीय उच्च अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में लखनऊ एवं अयोध्या मण्डल के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सभी उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानों को "प्रशासक "बनाने की सुनवाई अब छह सप्ताह "बाद होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने के मामले की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने कहा कि इसी समान मामले की सुनवाई हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दो न्यायाधीशों की बेंच कर रही है। ऐसी स्थिति में इस स्तर पर एकल पीठ में सुनवाई संभव नहीं है।पिछली सुनवाई पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने अरविंद राठौर की याचिका पर सुनवाई करते हुए 25 और 26 मई के उन सरकारी आदेशों पर सवाल उठाया था, जिनसे चुनाव टाले गए थे।कोर्ट ने कहा था कि ये आदेश अधिनियम 1947 की धारा 12 (3-ए) के तहत किए गए थे, जिसे प्रमोद लाल पटेल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने पहले ही असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 243 ई और 243 के के तहत पंचायतों का कार्यकाल पांच साल का निश्चित होता है। ऐसे में चुनाव समय पर होने चाहिए। राज्य सरकार ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट लंबित होने को देरी का कारण बताया।इस पर कोर्ट ने हैरानी जताई कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद ओबीसी आयोग ने अब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाता सूची गत 10 जून को प्रकाशित हो चुकी है। आयोग चुनाव कराने को तैयार है लेकिन राज्य सरकार से आवश्यक लाजिस्टिक्स न मिलने के कारण चुनाव में बाधा आ रही है।



# सिल्क साड़ी में जाह्नवी कपूर ने बिखेरा जलवा, ट्रेडिशनल आउटफिट में लगाया बोल्डनेस का तड़का

बॉलीवुड की यंग और खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

इन लेटेस्ट तस्वीरों में जाह्नवी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है, जहां उन्होंने भारतीय परंपरा को बोल्डनेस के साथ पेश किया है। तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ने एक बेहद खूबसूरत लैवेंडर और गोल्डन शेड वाली सिल्क साड़ी पहनी हुई है। साड़ी का बॉर्डर काफी हैवी है, जो इसे बेहद रॉयल लुक दे रहा है। साड़ी के साथ जाह्नवी ने मैचिंग स्ट्रैपलेस स्टाइल ब्लाउज कैरी किया है, जो उनके इस एथनिक लुक में मॉडर्न और ग्लैमरस टच जोड़ रहा है। तस्वीरों में जाह्नवी एक से बढ़कर एक सेक्सी और अट्रैक्टिव पोज देते नजर आ रही हैं। वह अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। उनके इन बोल्ड पोज ने ट्रेडिशनल लुक में भी हॉटनेस का तड़का लगा दिया है। जाह्नवी ने न्यूड-ग्लॉसी लिपस्टिक, सटल मेकअप, विंग्ड आईलाइनर और माथे पर एक छोटी सी बिंदी के साथ अपने चेहरे की खूबसूरती को निखारा है। इस रॉयल लुक को पूरा करने के लिए जाह्नवी ने अपने बालों का एक नीट और क्लीन स्लीक जूड़ा बनाया हुआ है, जिसे पारंपरिक हेयर एक्सेसरीज से सजाया गया है। ज्वेलरी की बात करें तो उन्होंने गले में एक बेहद हैवी कुंदन और पर्ल का चोकर नेकलेस, मैचिंग झुमके, हाथों में ढेर सारी खूबसूरत चूड़ियां, बाजूबंद और अंगूठियां पहनी हुई हैं, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं।

# आदित्य रॉय कपूर की नई फिल्म का ऐलान, मिलाप मिलन जावेरी संग पहली बार करेंगे काम

आशिकी 2, मलंग और मेट्रो... इन दिनों जैसी फिल्मों से अपनी रोमांटिक छवि बनाने वाले अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर खास लव स्टोरी लेकर आने वाले हैं। इस बार वह पहली बार निर्देशक मिलाप मिलन जावेरी के साथ हाथ मिला रहे हैं। दोनों की यह फिल्म रोमांस, एक्शन और संगीत का दमदार मेल होगी, जिसे निमार्ता भूषण कुमार बड़े स्तर पर बना रहे हैं। निर्देशक मिलाप मिलन जावेरी ने आदित्य रॉय कपूर के साथ अपनी पहली फिल्म को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, आदित्य प्यार को बेहद गहराई के साथ पर्दे पर उतारते हैं। आशिकी 2 के बाद से दर्शकों ने उन्हें जुनून और टूटे दिल की कहानियों में खूब पसंद किया है। इस नई फिल्म का किरदार कई परतों वाला होगा। मुझे नहीं लगता कि इस सफर को उनसे बेहतर कोई और निभा सकता था। वहीं, निमार्ता भूषण कुमार ने आदित्य के साथ अपनी पुरानी साझेदारी को याद करते हुए कहा, आदित्य के साथ हमारा रिश्ता कई सालों पुराना है और हमने साथ मिलकर ऐसी फिल्में दी हैं जिन्हें दर्शक आज भी पसंद करते हैं। आशिकी 2 से लेकर मेट्रो... इन दिनों तक हर फिल्म हमारे लिए खास रही है। हमारे बीच शानदार क्रिएटिव तालमेल है और मुझे खुशी है कि हम एक बार फिर एक ऐसी



कहानी के लिए साथ आ रहे हैं, जो भावनात्मक और बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी।

फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू होने की तैयारी है। इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा कर इसे साल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म की बाकी स्टारकास्ट और टाइटल का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन मेकर्स का कहना है कि आने वाले समय में इससे जुड़ी और जानकारियां साझा की जाएंगी। फिल्म की घोषणा करते हुए मिलाप मिलन जावेरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी एक खास पोस्ट साझा किया था। उन्होंने लिखा, इस बार आशिकी पूरी दीवानियत से होगी। मुझे बेहद खुशी है कि मैं अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर रहा हूं। यह एक इंटेंस, हिंसक और म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें मेरे प्रिय मित्र और शानदार अभिनेता आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, आदित्य को उनके करियर के सबसे दमदार, रोमांटिक और हीरोइक किरदारों में से एक में देखने के लिए तैयार हो जाइए।

# बॉक्स ऑफिस पर पस्त हुई अल्फा, पहले हफ्ते में 50 करोड़ भी नहीं कमा सकी फिल्म

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अभिनीत वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा के लिए बॉक्स ऑफिस पर पहला हफ्ता काफी निराशाजनक रहा। सिनेमाघरों में दमदार शुरूआत करने के बाद सोमवार से गुरुवार में फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखी गई। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, रिलीज के 7वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक का सबसे कम कारोबार किया, जिसके चलते ये अपने पहले हफ्ते में 50 करोड़ का आंकड़ा




भी पार नहीं कर सकी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला-प्रधान फिल्म अल्फा ने शुरूआत में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले वीकेंड पर 34 करोड़ की शानदार कमाई की थी, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट देखने को मिली। बुधवार और गुरुवार को फिल्म का कारोबार काफी कम रहा। सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के 7वें दिन फिल्म ने केवल 2.60 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह भारी गिरावट के कारण ये फिल्म अपने पहले हफ्ते में कुल 47.55 करोड़ रुपये ही जुटा पाई। अल्फा ने एक शानदार वीकेंड के बाद अपनी रफ्तार पूरी तरह खो दी है। ये फिल्म 1 हफ्ते के भीतर 50 करोड़ का आंकड़ा पार करने में भी नाकाम रही। इसके अलावा अपने ओपनिंग वीकेंड तक ये आलिया भट्ट के करियर की 2 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में राजी और गंगूबाई काठियावाड़ी से आगे चल रही थी, लेकिन अब अल्फा कमाई के मामले में इन दोनों फिल्मों से काफी पीछे छूट गई है। अल्फा की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली हैं, क्योंकि सिनेमाघरों में अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म धमाल 4 रिलीज हो गई है। इससे अल्फा के शोज काफी कम हो जाएंगे और उसकी कमाई बढ़ने की गुंजाइश न के बराबर बचेगी। करीब 150 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी अल्फा को अपनी लागत निकालने के लिए भारत में कम से कम 100 करोड़ और दुनियाभर में 150 करोड़ की कमाई करनी होगी, जो फिलहाल तो नामुमकिन लग रहा है।

# कई प्रोजेक्ट्स ठुकराने पर बोलीं अनुपमा की अद्रिजा रॉय, मैं इंतजार करना पसंद करूंगी, लेकिन बिना जुड़ाव के किरदार नहीं

अनुपमा में राही कपाड़िया के किरदार से अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने घर-घर में पहचान बनाई है। अद्रिजा ने कहा कि वह वहीं किरदार निभाना पसंद करती है, जिससे उन्हें दिल से जुड़ाव महसूस होता है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि अब महिलाओं के लिए लिखे जाने वाले किरदारों में काफी सुधार आया है और दर्शक भी महिला केंद्रित कहानियों को खुले दिल से स्वीकार कर रहे हैं। अद्रिजा रॉय ने कहा, मुझे लगता है कि चीजें पहले से काफी बेहतर हुई हैं। अब महिलाओं को ज्यादा अहमियत रखने वाले किरदार मिल रहे हैं। हालांकि अभी



भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन अच्छी बात यह है कि दर्शक अब महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को स्वीकार कर रहे हैं। यह इंडस्ट्री के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि जब कोई किरदार लोकप्रिय हो जाता है तो लोग उसी तरह के रोल में कलाकार को देखने लगते हैं।

उन्होंने कहा, जब कोई भूमिका लोकप्रिय हो जाती है तो लोग आपको उसी अंदाज में देखने लगते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि आपने उस किरदार को अच्छी तरह निभाया है। मैं इसके लिए किसी को दोष नहीं देती। लेकिन एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा खुद को और दर्शकों को सरप्राइज करना चाहती हूं। मैं एक ही तरह के किरदार बार-बार नहीं करना चाहती। मेरे लिए हर नया रोल कुछ नया सीखने का मौका होना चाहिए।

अद्रिजा ने अपने करियर के फैसलों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, हर अभिनेता चाहता है कि उसके पास चुनने के लिए बहुत सारे विकल्प हों, लेकिन यह इंडस्ट्री हमेशा इस तरह काम नहीं करती। कई बार कोई अच्छा प्रोडक्शन हाउस आपको ऐसा किरदार देता है, जो शायद आपकी पहली पसंद न हो। ऐसे में पूरी तस्वीर देखनी चाहिए। कहानी क्या है, टीम कैसी है और किरदार शो में क्या योगदान दे रहा है, इन सभी चीजों को समझना जरूरी होता है। हर स्थिति में कोई एक सही या गलत जवाब नहीं होता। हर कलाकार को अपने हिसाब से फैसला लेना पड़ता है।

# चॉकलेट के आदी बच्चों को खिलाएं उसके ये 5 सेहतमंद विकल्प, उन्हें स्वाद भी आएगा पसंद

बच्चों को चॉकलेट खाना बहुत पसंद होता है, लेकिन इसमें मौजूद चीनी और चर्बी के कारण उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता हमेशा इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि बच्चों को सेहतमंद मिठाइयां कैसे खिलाएं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सेहतमंद विकल्प बताते हैं, जो चॉकलेट की तरह स्वादिष्ट हैं और बच्चों को बहुत पसंद आएंगे। चॉकलेट के ये विकल्प सेहत



के लिए भी अच्छे हैं।

**डार्क चॉकलेट**

डार्क चॉकलेट बच्चों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। इसमें कम चीनी होती है और यह सेहत के लिए फायदेमंद तत्वों से भरी होती है। आप डार्क चॉकलेट को पिघलाकर मिल्कशेक या स्मूदी में मिला सकते हैं या इसे फल के साथ परोस सकते हैं। यह बच्चों को मिठास देने के साथ-साथ उनकी सेहत का भी ख्याल रखती है। डार्क चॉकलेट का स्वाद भी बहुत अच्छा होता है, जिसे बच्चे इसे खुशी-खुशी खा लेंगे।

**कैरब पाउडर**

कैरब पाउडर कैरब फल से बनता है और इसमें प्राकृतिक मिठास होती है। यह कोको पाउडर का सेहतमंद विकल्प है। आप इसे दूध, स्मूदी या दही में मिला सकते हैं या फिर इससे ब्राउनी और कुकीज बना सकते हैं। कैरब पाउडर में कैफीन नहीं होती, जिससे यह बच्चों के लिए सुरक्षित है। यह उनके लिए एक पौष्टिक विकल्प बन सकता है और उनकी सेहत का भी ख्याल रखता है। इसके अलावा यह स्वाद में भी बेहतरीन है।

**मेपल सिरप**

मेपल सिरप एक प्राकृतिक मीठा पदार्थ होता है, जिसे आप बच्चों के किसी भी व्यंजन में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह रिफाइंड चीनी का अच्छा विकल्प है और इसमें कई जरूरी तत्व होते हैं। आप इसे पैनकेक, वैफल्स या ओट्स पर डाल सकते हैं या फिर इसे स्मूदी में मिला सकते हैं। मेपल सिरप का स्वाद भी बहुत अच्छा होता है, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खा लेंगे। यह उनकी सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

**गुड़**

गुड़ एक पारंपरिक मीठा पदार्थ है, जो आयरन और जरूरी तत्वों से भरा होता है। आप गुड़ को बारीक काटकर या कद्दूकस करके अपने बच्चों की रेसिपी में शामिल कर सकते हैं। गुड़ का सेवन पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है और खून साफ करता है। गुड़ का स्वाद भी बहुत अच्छा होता है, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खा लेंगे। यह उनके लिए एक पौष्टिक विकल्प बन सकता है और उनकी सेहत का भी ख्याल रखता है।

**फलों का सिरप**

फलों का सिरप प्राकृतिक फलों से बनता है और इसमें कोई अप्राकृतिक स्वाद या रंग नहीं होता। आप इसे दही, आइसक्रीम या स्मूदी पर डाल सकते हैं या फिर इसे पानी में मिलाकर पी सकते हैं। फलों का सिरप बच्चों को ताजगी देता है और उनकी प्यास बुझाता है। इन सभी विकल्पों से न केवल बच्चों की मिठास की जरूरत पूरी होगी, बल्कि उनकी सेहत भी हमेशा बेहतर बनी रहेगी।

# सोहम शाह ने आलिया भट्ट को बनाया 'तुम्बाड 2' का हिस्सा, फ्रेंचाइजी को मिली नई ताकत



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद अब बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री आलिया भट्ट भी आधिकारिक तौर पर 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बन गई हैं। वह इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में एक बेहद अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। इस कास्टिंग के साथ ही भारतीय सिनेमा का एक सबसे बड़ा और अनोखा सहयोग देखने को मिलने वाला है।

**'तुम्बाड' का सफर और क्रेज**

2018 में रिलीज हुई 'तुम्बाड' ने भारतीय सिनेमा में फोकलोर फैंटेसी जॉनर को एक नई पहचान दी थी। अपनी शानदार वर्ल्ड बिल्डिंग, रहस्यमयी कहानी और बेहतरीन विजुअल्स की बदौलत इस फिल्म ने सालों में एक जबरदस्त फैन फॉलोइंग तैयार की। हाल ही में हुई इसकी री-रिलीज भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली री-रिलीज बनी, जिसने साबित कर दिया कि यह देश की सबसे पसंदीदा मॉडर्न क्लासिक फिल्मों में से एक है।

**तीन दिग्गजों का अनोखा संगम**

'तुम्बाड 2' इस रहस्यमयी दुनिया को और बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। अभिनेता और निमार्ता सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अब आलिया भट्ट के आने से फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोहम शाह जहाँ इस दुनिया के रचयिता के रूप में इसे आगे बढ़ा रहे हैं, वहीं नवाजुद्दीन अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराएंगे। आलिया भट्ट इस फ्रेंचाइजी में एक नया और रोमांचक अध्याय जोड़ेंगी। यह फिल्म पुरानी भावना को बरकरार रखते हुए एक नया सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।

**टीम की प्रतिक्रिया**

फिल्म से जुड़ने पर आलिया भट्ट ने कहा, "फिल्म 'तुम्बाड' पहली बार देखने के बाद से ही मेरे दिलो-दिमाग में बसी हुई है। ऐसी रहस्यमयी और यादगार कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मैं सोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की लंबे समय से प्रशंसक रही हूँ और उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूँ।"

अभिनेता-निमार्ता सोहम शाह ने खुशी जताते हुए कहा, "आलिया भट्ट इस पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। यह उनके साथ मेरा पहला सहयोग है और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका बिल्कुल नया अंदाज देखने को मिलेगा।" निमार्ता डॉ. जयंतीलाल गडा ने बताया, "'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'आरआरआर' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद आलिया के साथ यह हमारा तीसरा सहयोग है। वह इस प्रोजेक्ट के लिए बिल्कुल सही पसंद हैं और उनका साथ फिल्म को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।"

**रिलीज की तारीख**

'तुम्बाड 2' का निर्माण सोहम शाह फिल्म्स के बैनर तले पेन स्टूडियोज के सहयोग से किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं, जो पहली फिल्म से भी जुड़े थे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 3 दिसंबर 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में एडवांस्ड लीडलेस पेसमेकर प्रक्रिया से 67 वर्षीय मरीज की जान बचाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल के इलाज की एडवांस्ड प्रक्रिया के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने गंभीर हृदय संबंधी समस्या से जूझ रहे 67 वर्षीय मरीज की ड्यूएल चैंबर लीडलेस पेसमेकर प्रक्रिया के जरिए सफलतापूर्वक जान बचाई।

मरीज को सीने में असहजता और धड़कन तेज होने की शिकायत थी। साथ ही पिछले 3 दिनों से उन्हें बार बार बेहोशी आ रही थी। इसके बाद उन्हें मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के इमरजेंसी विभाग में लाया गया। भर्ती के बाद की गई पूरी जांच में पता चला कि मरीज सिक साइनस सिंड्रोम से पीड़ित हैं। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें दिल का प्राकृतिक पेसमेकर सामान्य रूप से धड़कन बनाए रखने में सक्षम नहीं होता।

इस मुश्किल मामले को देखते हुए मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड, कार्डियोलॉजी, डॉ. दानिश हसन काजमी के नेतृत्व में कार्डियोलॉजी टीम ने एक आधुनिक और कम चीरे वाली तकनीक को चुना। इसके तहत एवीईआईआर डीआर ड्यूएल चैंबर लीडलेस पेसमेकर लगाया गया।



इस मामले पर जानकारी देते हुए डॉ. दानिश हसन काजमी ने कहा, "मरीज सक्रिय जीवनशैली जीते हैं और उन्हें बाहर घूमना तथा तैराकी करना पसंद है। ऐसे में पारंपरिक पेसमेकर से जुड़ी सीमाओं, जैसे सीने पर चीरा लगना, सीने पर उपकरण का दिखाई देना और रोजमर्रा की गतिविधियों पर लगने वाली रोक को लेकर वह चिंतित थे। पारंपरिक पेसमेकर में सीने पर चीरा लगाकर तारों के जरिए उपकरण को दिल से जोड़ा जाता है, जबकि इस आधुनिक तकनीक में पेसमेकर को कैथेटर के जरिए लगाया जाता है। इससे सर्जरी के लिए चीरा लगाने या टांके लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।" इस तकनीक के फायदों के बारे में बताते हुए डॉ. काजमी ने आगे कहा, "एवीईआईआर डीआर दिल की धड़कन से जुड़ी समस्याओं के इलाज में एक बड़ी प्रगति है। यह तकनीक बिना तारों और बिना सर्जिकल पॉकेट के फिजियोलॉजिकल ड्यूल चैंबर पेसिंग उपलब्ध कराती है। इससे प्रक्रिया के दौरान होने वाली दिक्कतों का जोखिम कम होता है और मरीज पहले की तुलना में कहीं जल्दी अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। हमें गर्व है कि अब लखनऊ के मरीजों को भी यह एडवांस्ड तकनीक उपलब्ध हो रही है।"

पेसमेकर लगाने की प्रक्रिया बिना किसी दिक्कत के सफलतापूर्वक पूरी की गई और मरीज को अगले ही दिन पूरी तरह चलने फिरने की स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सीने पर किसी तरह का निशान, उभार या पेसिंग के तार न होने के कारण वह बिना किसी रोक के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लौट सके।

इस सफल प्रक्रिया के साथ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने एक और बड़ी चिकित्सीय सफलता हासिल की है। इससे क्षेत्र में एडवांस्ड कार्डियक इंटरवेंशन के प्रमुख केंद्र के रूप में अस्पताल की पहचान और मजबूत हुई है।

# एसएम कॉलेज में बंद स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू कराने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी ।** समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव सुभाष कुमार वाल्मीकि ने एसएम कॉलेज में स्ववित्तपोषित योजना के तहत पूर्व में संचालित पाठ्यक्रमों को दोबारा शुरू कराने और शिक्षकों व कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव को स्मरण-पत्र भेजकर राज्यपाल से हस्तक्षेप कराने का अनुरोध किया है।



उन्होंने कहा कि करीब दो दशक पहले कॉलेज में संचालित कई स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम बंद होने से शिक्षकों और कर्मचारियों का रोजगार प्रभावित हुआ है, वहीं क्षेत्र के विद्यार्थी भी उच्च शिक्षा के कई विकल्पों से वंचित हो गए हैं। उन्होंने मांग की कि पूर्व में संचालित सभी विषयों को फिर से शुरू कर योग्य शिक्षकों और कर्मचारियों की नियमानुसार पुनर्नियुक्ति की जाए। सुभाष कुमार वाल्मीकि ने बताया कि स्मरण-पत्र की प्रतिलिपि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.पी. सिंह पटेल को भी भेजी गई है।

# पीडीए प्रशिक्षण शिविर में सपा का चुनावी शंखनाद, 2027 की तैयारियों पर जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर देहात/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू सुदर्शन ने बताया कि पार्टी की ओर से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) प्रशिक्षण शिविर पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कानपुर देहात में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में संगठन विस्तार, सामाजिक न्याय और वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व्यापक मंथन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया तथा संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभा स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में संविधान और आरक्षण पर खतरा मंडरा रहा है तथा प्रदेश में दलितों और बहुजन समाज पर अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने बहुजन समाज से वोटों का बंटवारा रोककर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा "फूट डालो और राज करो" की नीति पर काम कर रही है, जबकि सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करना समय की मांग है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार 'बब्लू राजा' ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राम अवतार ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लाखन सिंह, भंते अनिरुद्ध, शीतला चरण वर्मा कोरी, मनोज अहीरवार, राजेंद्र कोरी, विमल शंखवार, राघव अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे'... बैटला में बच्चों की रैली ने जगाई शिक्षा की अलख

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सयद अतहर अली)।** शिक्षा की लौ हर घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय बैटला में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान (फेज-2) के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ गांव की गलियों में भ्रमण कर अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।




रैली को ग्राम प्रधान पति तेज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का संचालन शिक्षक नईमुद्दीन अली ने किया। बच्चों के हाथों में शिक्षा से जुड़े प्रेरक नारों वाली तख्तियां थीं। वे पूरे जोश के साथ "आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे", "मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ", "लड़का-लड़की एक समान, शिक्षा सभी का समान अधिकार" जैसे नारे लगाते हुए गांव की हर गली और मोहल्ले में पहुंचे। बच्चों का उत्साह देखकर ग्रामीणों ने भी उनका स्वागत किया और शिक्षा के महत्व को लेकर जागरूकता का संदेश ग्रहण किया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित न रखें और नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि वह शासन की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं का लाभ उठा सके। रैली के समापन के बाद विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक नईमुद्दीन अली ने अभिभावकों को सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म, मिड-डे मील और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए संचारी रोगों से बचाव के उपाय भी बताए और साफ-सफाई बनाए रखने तथा बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षिका उमंग गोयल, ऋतु खन्ना, चंचल सिंह, मीनाक्षी निमेष, अनिल कुमार, कविता गोली सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की आज 15 जुलाई को आएगी फाइनल लिस्ट, 98 प्रतिशत ग्राम सभाओं का काम पूरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों की फाइनल लिस्ट आज 15 जुलाई 2026 तक जारी कर दी जाएगी। राज्य की 98 प्रतिशत ग्राम सभाओं में 'आवास प्लस सर्वेक्षण-2024' के आधार पर पात्रता सूची तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। सूची फाइनल होते ही केंद्र सरकार द्वारा 'आवास सॉफ्ट' पोर्टल पर लक्ष्य आवंटित कर मकानों की मंजूरी और निर्माण की प्रक्रिया तेजी से शुरू की जाएगी।

उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान देने की तैयारी अंतिम चरण में है। ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य के सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं कि आज 15 जुलाई 2026 तक सभी दावों और शिकायतों का निपटारा कर लाभार्थियों की स्थायी पात्रता सूची (फाइनल लिस्ट) जारी कर दी जाए।

योजना की प्रगति साझा करते हुए बताया गया है कि प्रदेश की 98 प्रतिशत ग्राम सभाओं में स्थायी पात्रता सूची बनाने की आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली गई है। आगामी 15 जुलाई को अपीलिएट कमेटी (अपीलीय समिति) के सामने आए सभी मामलों का पूरी तरह निस्तारण करते हुए इस सूची को अंतिम रूप देकर प्रकाशित कर दिया जाएगा।


इस बार लाभार्थियों का चयन केंद्र सरकार के निर्देश पर कराए गए 'आवास प्लस सर्वेक्षण-2024' के आधार पर किया जा रहा है। इसके लिए हाल ही में तेजी से ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित की गईं, जिसके चलते 98% ग्राम सभाओं में यह कार्य समय से पूरा हो सका। अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2024-25 में ही राज्य की पुरानी स्थायी पात्रता सूची संतृप्त (पूरी) हो जाने के कारण पिछले वर्ष भारत सरकार से नया आवास लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ था।

आयुक्त ग्राम्य विकास, जीएस प्रियदर्शी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर शिकायतों का निस्तारण कर सूची को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया है। 15 जुलाई को जैसे ही फाइनल लिस्ट जारी होगी, उसके तुरंत बाद भारत सरकार द्वारा ग्राम सभावार आवासों का लक्ष्य 'आवास सॉफ्ट' पोर्टल पर आवंटित कर दिया जाएगा। लक्ष्य मिलते ही पात्र ग्रामीणों के लिए आवास स्वीकृत करने और उनके निर्माण की आगे की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी जाएगी।

# फ्रांस की जीत की उम्मीद, लेकिन स्पेन चैंपियन बने तो भी खुशी होगी : फर्नांडीज

**नई दिल्ली ।** फ्रांस के पूर्व डिफेंडर लुइस फर्नांडीज ने फीफा विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के लिए फ्रांस का समर्थन किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि स्पेन अगर फ्रांस को बाहर कर देता है, तो उनके लिए भी मुझे खुशी होगी।

स्पेन और फ्रांस बुधवार को डलास स्टेडियम में सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। वर्ल्ड कप के फाइनल स्टेज में ये दोनों टीमें दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करेंगी। इससे पहले 2006 में राउंड ऑफ 16 में फ्रांस ने स्पेन को 3-1 से हराया था। दक्षिणी स्पेन में जन्मे लेकिन फ्रांस में पले-बढ़े 66 वर्षीय फर्नांडीज आज भी दोनों देशों से गहराई से जुड़े हुए हैं,



जिससे इन दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले मुकाबले पर उनका नजरिया काफी दिलचस्प हो जाता है।

फर्नांडीज ने फीफा से कहा, मेरे मन में स्पेन के लिए हमेशा से एक खास जगह रही है। मुझे स्पेनिश फुटबॉल पसंद है, खासकर मिडफील्ड में उनकी परंपरा। मैं लुइस डे ला फुएंते के काम का भी बहुत बड़ा प्रशंसक हूं क्योंकि उन्होंने एक बेहतरीन टीम बनाई है जो दो साल पहले यूरोपियन चैंपियन बनी थी। सर्जियो बुस्केट्स, जावी और आंद्रेस इनिएस्ता जैसे खिलाड़ियों के साथ स्पेन की हमेशा से एक अलग पहचान रही है। उनमें बहुत आकर्षक फुटबॉल खेलने का हुनर और क्षमता है। उन्होंने कहा, मैं विश्व कप जीतने के लिए फ्रांस का समर्थन कर रहा हूं, लेकिन अगर स्पेन उन्हें बाहर कर देता है और चैंपियन बन जाता है, तो मुझे उनके लिए भी खुशी होगी। मुझे इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड का खेल देखना भी बहुत पसंद आया है।

# पुरी रथ यात्रा से पहले एयरटेल ने पूरे ओडिशा में अपने नेटवर्क को और मजबूत किया

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने पुरी रथ यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर पूरे ओडिशा में अपने व्यापक नेटवर्क विस्तार की घोषणा की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान वॉयस और डेटा ट्रैफिक में होने वाली भारी वृद्धि को देखते हुए, एयरटेल ने पुरी में अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को अग्रिम तैयारी के तहत मजबूत किया है, जिसमें पवित्र नगरी तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़क और रेल कॉरिडोर शामिल हैं। 5जी सेवा से लैस ये विस्तार, नेटवर्क की मांग में अनुमानित वृद्धि को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आवाजाही के दौरान हाई-स्पीड डेटा सेवाओं के साथ-साथ निर्बाध वॉयस कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं।

पिछले 12 महीनों में कंपनी ने पूरे राज्य में 1,500 से अधिक नई 5जी साइट्स स्थापित की हैं। इससे ओडिशा के 30 जिलों में उसका नेटवर्क कवरेज उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुआ है और शहरी क्षेत्रों, उभरते कस्बों तथा ग्रामीण समुदायों में रहने वाले 11 मिलियन से अधिक ग्राहकों को विश्वसनीय हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिल रही है

ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, एयरटेल ने ओडिशा में ?399 से शुरू होने वाले फुल्ली अनलिमिटेड पैक्स पेश किए हैं। इन पैक्स के तहत सभी प्रीपेड स्मार्टफोन उपयोगकताओं को अनलिमिटेड 4जी और 5जी डेटा के साथ अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा मिलती है, जिससे वे रोजाना की डेटा सीमा की चिंता किए बिना स्ट्रीमिंग, शेयरिंग, काम, पढ़ाई और जुड़े रहने का लाभ उठा सकते हैं। भारती एयरटेल के सीओओ, अभिरूप चटर्जी ने कहा, "पुरी रथ यात्रा ओडिशा के सबसे श्रद्धेय और सबसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों में से एक है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमने पुरी और प्रमुख यात्रा मार्गों पर व्यापक नेटवर्क विस्तार पूरा कर लिया है। ये प्रयास पूरे उत्सव के दौरान हर ग्राहक को विश्वसनीय, मजबूत और बेहतर नेटवर्क अनुभव उपलब्ध कराने के प्रति एयरटेल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।"




**आयोजन**

## आचार्य महाप्रज्ञ का प्रेक्षाध्यान का दर्शन आज के विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता है: मुनिश्री जयकुमार


# महावीर से महाप्रज्ञ कार्यक्रम में गूंजा अहिंसा, प्रेक्षाध्यान और मानवता संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आचार्य श्री महाप्रज्ञ के 107वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महावीर से महाप्रज्ञ विषय पर एक भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दक्षिण दिल्ली स्थित पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स में किया गया। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली एवं आचार्य श्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने भगवान महावीर के अहिंसा एवं आत्मसंयम के संदेश तथा आचार्य महाप्रज्ञ के प्रेक्षाध्यान, जीवन-विज्ञान और मानव एकता के दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त प्रयास किया।

आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जयकुमार जी (ठाणा-3) ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा का संदेश और आचार्य महाप्रज्ञ का प्रेक्षाध्यान का विज्ञान आज की अशांत दुनिया के लिए अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि आत्मानुशासन, ध्यान और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतार ले तो परिवार, समाज और राष्ट्र-तीनों में शांति एवं सद्भाव का वातावरण निर्मित हो सकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा-दिल्ली के सांस्कृतिक प्रभारी श्री जय सिंह दुगड़, श्री ललित श्यामसुखा एवं साथियों द्वारा आचार्य महाप्रज्ञ को समर्पित प्रेरणादायी गीत ह्लप्रज्ञा, महाप्रज्ञ की प्रज्ञाह्व की सामूहिक प्रस्तुति से हुआ। गीत ने पूरे सभागार को आध्यात्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि श्री कन्हैयालाल जैन पटावरी ने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ का जीवन-दर्शन संपूर्ण मानवता की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि महाप्रज्ञजी के विचार केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अश्विनी उपाध्याय ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि जब तक समाज में नैतिकता, चरित्र और आध्यात्मिक चेतना का विकास नहीं होगा, तब तक सुशासन और सामाजिक समरसता का लक्ष्य अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन-मूल्य नई पीढ़ी को संस्कारित एवं राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी हैं।समारोह में श्री तेजकरण सुराणा, श्री सुखराज सेठिया, श्री हेमंत पटावरी, श्री बजरंग बोथरा, श्री राजेश जैन, श्री बाबूलाल गोलछा, श्रीमती कविता बरड़िया, श्री प्रदीप खटेर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सुप्रसिद्ध कवि, लेखक, विचारक एवं गायक बाबा सत्यनारायण मौर्य की ओजस्वी प्रस्तुति रही, जिसमें उन्होंने भगवान महावीर और आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन-दर्शन को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि श्री राजेश चेतन ने किया। आयोजन की सफलता में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री बिमल कुमार बैंगानी, महामंत्री श्री प्रदीप संचेती, कार्यक्रम संयोजक श्री इंद्र बैंगानी तथा व्यवस्थाओं एवं समन्वय में श्री राजेश भंडारी की उल्लेखनीय भूमिका रही। आचार्य श्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति-दिल्ली के महामंत्री श्री सुखराज सेठिया ने कहा कि यह आयोजन केवल जन्मोत्सव नहीं, बल्कि आचार्य महाप्रज्ञ के चिंतन, दर्शन, प्रेक्षाध्यान, अहिंसा, नैतिकता और मानव एकता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का सशक्त जन-जागरण अभियान है।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267